हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 231 देहरादून, मंगलवार, 07 मार्च, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



सीएम पुष्कर का पौड़ी के विकास के लिए विज़न और एक्शन दोनों तैयार 3

# सीएम धामी ने की 'मुख्यमंत्री एकल महिला स्वरोजगार योजना' चलाये जाने की घोषणा






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 6 मार्च। आज प्रदेश की कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने देहरादून स्थित मुख्य सेवक़ सदन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ ₹सम्मान समारोह₹(एकल महिला संघर्ष से सशक्तिकरण की ओर) व महिला सशक्तिकरण सुरक्षा सप्ताह के समापन कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने ₹मुख्यमंत्री एकल महिला स्वरोजगार योजना₹ की घोषणा की। कहा कि इस योजना से निश्चित ही हमारी एकल महिलाओं को स्वरोजगार के माध्यम से लाभ प्राप्त होगा साथ ही इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ठ कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया गया.

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस अवसर पर सभी मातृशक्ति को नमन करते हुए कहा कि आज हमारी मातृशक्ति किसी भी क्षेत्र में पीछे नही हैं।आज वह स्वरोजगार अपनाकर आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार कर रही हैं।उन्होंने कहा कि भारत की सनातन संस्कृति में नारी को देवी का दर्जा दिया गया है।मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आत्मनिर्भर भारत को हमारी राज्य की महिलाएं साकार कर रही हैं।इस अवसर पर उन्होंने सभी को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी और कहा कि हमारी सरकार राज्य की महिलाओ के साथ सदैव खड़ी है।

वहीं इस दौरान महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने अपने सम्बोधन में सभी को महिला दिवस की बधाई व शुभकामनाएं दी और कहा कि आज यहां पर उपस्थित महिलाओं से जब उन्होंने बात की तो उन्हें यह जानकर बेहद ख़ुशी हुई कि आज राज्य की महिलाएं स्वरोजगार अपनाकर आत्मनिर्भर बन रही हैं इस ओर राज्य सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है जिसको लेकर इस दिशा में कई सारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिसके तहत बेटी के पैदा होने पर महालक्ष्मी किट व 11 हजार रुपये की राशि दी जा रही है। 12वीं पास करने पर नंदा-गौरा योजना के तहत बेटियों को 51 हजार रूपये की धनराशि दी जा रही है। विभाग द्वारा अनेक योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण एवं सुरक्षा सप्ताह के तहत विभाग द्वारा पूरे सप्ताह कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है इससे निश्चित ही समाज की उन्नति में महिलाओ की भागीदारी बढ़ेगी।

**कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने मुख्यमंत्री धामी व समस्त महिलाओं के साथ खेली होली, सभी ने जमकर किया नृत्य**

साथ ही इस दौरान कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कार्यक्रम में उपस्थित माननीय मुख्यमंत्री ,अतिथियों व समस्त महिलाओं के साथ होली खेली व जमकर नृत्य किया।उन्होंने देश एवं प्रदेशवासियों को इस अवसर पर होली की अग्रिम शुभकामनाएं देने के साथ कहा कि सभी के जीवन में उन्नति और उमंग का रंग सदा छाया रहे और हम प्रदेश व राष्ट्र निर्माण के लिए हमेशा समर्पित रहें।कहा कि होली रंग और उल्लास के त्यौहार के साथ ही हमारी समृद्ध संस्कृति और परंपरा का प्रतीक है।

हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया जाने वाला यह पर्व सामाजिक समरसता तथा एकता की भावना को सुदृढ़ करता है। भगवान बदरी विशाल और बाबा केदार से यही मंगल कामना है कि रंगों का यह त्यौहार प्रदेश में समृद्धि और उन्नति का रंग लेकर आए और लोगों में स्नेह, सद्भाव और भाईचारा बना रहे।

इस अवसर पर लैंसडौन विधायक श्री महंत दलीप रावत जी,अपर मुख़्य सचिव राधा रतूड़ी जी,अपर सचिव गृह निवेदिता कुकरेती, सचिव महिला बाल विकास हरि चंद्र सेमवाल जी सहित विभागीय अधिकारी व महिलाएं उपस्थित रहीं।

# उत्तराखंड में होली के दिन कैसा रहेगा मौसम, यह अपडेट

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



देहरादून, 6 मार्च। रंगों के त्योहार के बीच मौसम आँख मिचौली खेलने लग गया है। कल होली है. और इस बीच उत्तराखंड में मौसम का मिजाज फिर से बिगड़ने लगा है। बता दें कि कई लोगों के मन में यह सवाल था कि क्या होली के दिन मौसम साफ रहेगा या नहीं। इस पर मौसम विभाग ने होली के दिन मौसम का अपडेट जारी कर दिया है। मौसम विभाग का कहना है कि होली के दिन समेत नौ मार्च तक उत्तराखंड में मौसम पूरी तरह साफ रहेगा और होली पर बरसात नहीं होगी लोग साफ मौसम में होली मना सकेंगे। उत्तराखंड में फरवरी के आखिरी हफ्ते से ही मौसम का मिजाज बदलने लग गया था। बीते कुछ दिनों में भी उत्तराखंड में मौसम का मिजाज बदलने लग गया था। ऐसे में कई लोगों के मन में यह सवाल था कि क्या होली के दिन भी मौसम का रुख यही रहेगा या फिर मौसम साफ रहेगा।




ऐसे में मौसम विभाग द्वारा जारी किए गए पूर्वानुमान में यह स्पष्ट कर दिया गया है कि होली के दिन बरसात नहीं होगी और मौसम साफ रहेगा और लोग बेफिक्र होकर होली का आनंद ले सकते हैं। मौसम विभाग में 6 मार्च से लेकर 9 मार्च तक मौसम साफ रहने का पूर्वानुमान जारी किया है।

# हिमालयीय विवि में हुआ महिला दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ऋषिकेश, 6 मार्च। डोईवाला और आसपास के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया। महिला दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यकम हुए। इसमें विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी महिलाओं को सम्मानित किया गया। सोमवार को हिमालयीय विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसका शुभारंभ कुलपति प्रो. जेपी पचौरी, प्रति कुलपति डॉ. राजेश नैथानी ने किया। प्रो. जेपी पचौरी ने कहा कि महिला परिवार ही नहीं पूरे समाज की धुरी है। जो गुण ईश्वर द्वारा महिला को दिए गए हैं, वो उन्हें विशिष्ट बनाते हैं। समाज के निर्माण में महिला की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है। संस्थान की उपाध्यक्ष विदुषी निशंक ने कहा कि आज बेटियों ने बेटे और बेटी के बीच के भेद को मिटा दिया है। लड़कियां हर काम को निपुणता से कर रही हैं और उन्होंने हर क्षेत्र में खुद को साबित किया है। इस दौरान संस्थान में कार्यरत महिलाओं को सम्मानित किया गया। मौके पर रजिस्ट्रार डॉ. अंजना विलियम, डॉ. ममता कुंवर, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. निशांत राय जैन, डॉ. पुष्पा रावत, डॉ. मनीषा अग्रवाल आदि उपस्थित रहे। उधर, पब्लिक इंटर कॉलेज डोईवाला में कार्यक्रम आयोजित कर शिक्षिका अनीता पाल, राधा गुप्ता, चारू वर्मा, किरन बिष्ट, मोनिका, विदुशी शर्मा को सम्मानित किया गया। मौके पर प्रधानाचार्य जितेन्द्र कुमार, जेपी चमोली, नरेश वर्मा, अश्विनी गुप्ता, रतनेश द्विवेदी, भुवनेश वर्मा, ओमप्रकाश काला, तेजवीर सिंह, सुदेश सहगल, उदय चंद पाल, सोनिया देवी, गीता देवी आदि उपस्थित रहे।

**ख्याति प्राप्त महिलाओं को किया सम्मानित**

रायवाला। प्रतीतनगर के वनखंडी महादेव मंदिर प्रांगण में पौराणिक देवभूमि सोसायटी और फ्योंली स्वयं सेवी संस्था ने अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर विभिन्न क्षेत्रों में ख्याति प्राप्त महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान सीता पयाल, सरोजनी चौहान, कुसुम जोशी, शकुंतला बुदकोटी, रेखा भंडारी सहित कुल 12 महिलाओं को सम्मानित किया गया। महिलाओं ने गढ़वाली व नेपाली गीतों का भी लुत्फ उठाया। महिला मंगल दल ने मत मारो मोहन पिचकारी, बसंत ऋतु मा हो होरी ऐगे, स्याली रामदेई आदि गीतों पर शानदार प्रस्तुतियां दी। मौके पर सरोज डिमरी, आचार्य सुमन धस्माना, जिला पंचायत सदस्य दिव्या बेलवाल, संजीव चौहान, कविता शाह, विनोद बिजल्वाण, शिवानी भट्ट, चंद्रेश्वर धस्माना, भागीरथी भट्ट, उमा जोशी, बीना बंगवाल, दीपा चमोली, ममता पंत आदि उपस्थित रहे।

# विकास कार्यों की माह में दो बार समीक्षा अवश्य करें जिलाधिकारी : सीएम

न्यूज वायरस नेटवर्क

अल्मोड़ा, 6 मार्च। जिलाधिकारी विकास कार्यों की माह में दो बार समीक्षा अवश्य करें। विधायकगणों के माध्यम से विकास कार्यों के लिए जो भी प्रस्ताव जिलाधिकारियों को प्राप्त होते हैं, उन्हें शासन में भेजने के बाद भी उस पर कार्य प्रगति की शासन से जिलाधिकारी अपडेट भी लेते रहें। जन समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाय। पत्रावलियों के निस्तारण में अनावश्यक विलम्ब न किया जाए और न ही अनावश्यक आपत्ति लगाई जाए। यह निर्देश मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लोकसभा क्षेत्र अल्मोड़ा की विधानसभा क्षेत्रों के समीक्षा के दौरान अधिकारियों को दिये।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जन समस्याओं का तीव्रता से समाधान हो सके, जन प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के मध्य निरंतर संवाद स्थापित हो, इस उद्देश्य से विधानसभावार जनहित के कार्यों की समीक्षा की जा रही है। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि अधिकांश जन समस्याओं का समाधान जनपद स्तर पर किया जाए। आवश्यकता पडने पर ही समस्याओं को मण्डल एवं शासन स्तर पर भेजा जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश की विषम भौगोलिक परिस्थितियों के दृष्टिगत अलग-अलग क्षेत्रों की अलग-अलग समस्याएं हैं। अधिकारियों को क्षेत्र विशेष की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कार्य करने होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मानसखण्ड कॉरिडोर के लिए तेजी से कार्य किये जाएं। उन्होंने कहा कि अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ एवं चम्पावत जनपद को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने की अनेक संभावनाएं हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि नालियों की सफाई एवं झाड़ी कटान का कार्य नियमित हो, इसके लिए अभियान के तहत कार्य किये जाएं। मुख्यमंत्री घोषणाओं एवं स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए अलग से समीक्षा की जायेगी। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के कार्यों में और तेजी लाई जाए। जटिल प्रक्रियाओं के सरलीकरण की दिशा में लगातार प्रयास किये जाएं। प्रक्रियाओं के सरलीकरण के लिए विभागों द्वारा क्या कार्य किये गये हैं, इसकी भी जल्द समीक्षा की जायेगी। बैठक में विधायकगणों द्वारा सडकों के निर्माण एवं सुधारीकरण, पुल निर्माण के कार्य, विशेषज्ञ चिकित्सकों की आवश्यकता, बाढ़ नियंत्रण से संबंधित कार्य एवं क्षेत्र की अन्य समस्याओं से अवगत कराया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायकगणों द्वारा जो भी समस्याएं रखी गई हैं, अधिकारी इन समस्याओं का त्वरित निवारण का प्रयास करें।

बैठक में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या, चन्दन रामदास, सांसद अजय टम्टा, विधायक डीडीहाट विशन सिंह चुफाल, गंगोलीहाट फकीर राम, कपकोट सुरेश गढिया, रानीखेत प्रमोद नेनवाल, सल्ट महेश जीना, अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, प्रमुख सचिव आर. के. सुधांशु, सचिव आर. मीनाक्षी सुन्दरम, नितेश झा, रणजीत सिन्हा, एच. सी. सेमवाल, अपर सचिव रणवीर सिंह चौहान, विनीत कुमार, उदयराज, योगेन्द्र यादव,श्री नवनीत पाण्डेय, जगदीश चन्द्र काण्डपाल, वर्चुअल माध्यम से कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत, संबंधित जिलाधिकारी एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



# निशंक ने गडकरी से मुलाकात की, उठाए कई मुद्दे

देहरादून। देहरादून पूर्व मुख्यमंत्री व हरिद्वार के सांसद डा. रमेश पोखरियाल निशंक ने केंद्रीय सडक़ परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर कई मुद्दे उठाए। उन्होंने दून आईएसबीटी से ट्रांसपोर्टनगर और ऋषिकेश श्यामपुर रेलवे फाटक पर फ्लाई ओवर बनाने का आग्रह किया। केंद्रीय मंत्री गडकरी ऋषिकेश के निजी दौरे पर आए हैं।

निशंक ने उनसे भेंट की और संसदीय क्षेत्र के कई मुद्दों पर चर्चा की। कहा कि श्यामपुर (ऋषिकेश) रेलवे फाटक के पर फ्लाईओवर न होने से अक्सर ट्रैफिक जाम लगा रहता है, इससे लोगों के सामने कई मुश्किलें आती हैं। फ्लाई ओवर बनने से लोगों को इस समस्या से निजात दिलाई जा सकती है। कहा कि दिल्ली-दून एक्सप्रेस वे के तहत मोहंड से डाटकाली मंदिर तक एलिवेटेड सडक़ निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है, लेकिन डाट मंदिर से दून की तरफ सडक़ का विस्तारीकरण अब जरूरी हो गया है।

उन्होंने कहा डालूवाला-लालवाला-धनौरी मार्ग में रिठौरा ग्रांट के पास रतमऊ नदी पर पुल निर्माण, भारत माला प्रोजेक्ट के तहत लिंक रोड पर मानकपुर- आदमपुर इंटर चेंज का आग्रह भी किया। इसके अलावा उन्होंने मंगलौर ओवर ब्रिज से रूडक़ी रेलवे फाटक, रामपुर चुंगी रूडक़ी से सालियर हाईवे ब्रिज तक मोटर मार्ग का चौड़ीरण कर डबल लेन करने का भी आग्रह किया। निशंक ने उन्हें अपनी नवीनतम कृतियां भी भेंट की। गडकरी ने संबंधित मामलों का परीक्षण कराने का आग्रह किया।

# चार धाम यात्रा में तीर्थयात्रियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए तीन स्तरीय स्वास्थ्य सेवा का बुनियादी ढांचा तैयार किया जाएगा : डॉ. मनसुख मांडविया

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 6 मार्च। सरकार जल्द ही देश भर से चार धाम यात्रा पर जाने वाले तीर्थयात्रियों के लिए एक मजबूत स्वास्थ्य सहायता और आपातकालीन प्रबंधन के लिए बुनियादी ढांचा तैयार करने जा रही है। तीन स्तरीय संरचना की मदद से यह सुनिश्चित किया जायेगा की, चिकित्सा की दृष्टि से तीर्थयात्रियों को उनकी यात्रा के दौरान स्वास्थ्य सहायता मिल सके । केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने आज उत्तराखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत से मुलाकात के बाद यह बात कही, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को कठिन मार्ग के साथ, तीर्थयात्रियों के सामने आने वाली स्वास्थ्य चुनौतियों और पिछले कुछ महीनों में स्वास्थ्य संबंधी आपात स्थितियों जैसे स्ट्रोक आदि के कारण तीर्थयात्रियों की होने वाली मौत की जानकारी दी।

डॉ मांडविया ने भारत सरकार से पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया और कहा कि ₹आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए सर्वोत्तम संभव स्वास्थ्य देखभाल और स्वास्थ्य आपातकालीन बुनियादी ढांचा प्रदान किया जाएगा₹। उन्होंने बताया कि अग्रिम एंबुलेंस और स्ट्रोक वैन के एक मजबूत नेटवर्क की योजना यह सुनिश्चित करने के लिए बनाई गई है कि स्ट्रोक प्रबंधन और उपचार स्वास्थ्य सुविधा के रास्ते में शुरू हो सके। उन्होंने कहा कि ये एंबुलेंस यात्रा मार्ग के विभिन्न बिंदुओं पर तैनात रहेंगी। देश भर के मेडिकल कॉलेजों के पीजी छात्रों को मजबूत हेल्थकेयर इंफ्रास्ट्रक्चर के हिस्से के रूप में तैनात करने का प्रस्ताव है, जो पहले उत्तरदाताओं के रूप में कार्य करेंगे। यह अनुभव पीजी छात्रों के लिए एक कौशल और क्षमता निर्माण अभ्यास के रूप में भी काम करेगा इसके अलावा यात्रा के ऊंचे इलाकों में आपातकालीन सेवाएं मुहैया कराने के लिए ड्रोन का भी इस्तेमाल किया जाएगा। हाल ही में पूर्वोत्तर क्षेत्र में कोविड-19 टीकों के परिवहन के लिए ड्रोन का सफलतापूर्वक उपयोग किया गया है, हाल ही में एम्स-ऋषिकेश ने भी ड्रोन तकनीक से दवाइयां देने और लेने के लिए ड्रोन सेवा शुरू की है। "एम्स ऋषिकेश, दून मेडिकल कॉलेज और श्रीनगर मेडिकल कॉलेजों के साथ एक मजबूत रेफरल बैकएंड सिस्टम विकसित किया जा रहा है जो विशेषज्ञ देखभाल के लिए, तृतीयक नोड के रूप में काम कर रहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यह तीर्थयात्रियों के स्वास्थ्य के लिए, संपूर्ण नैदानिक उपचार भी प्रदान करेगा इन उपायों को नागरिकों के अनुकूल संचार और जागरूकता गतिविधियों के साथ समर्थन दिया जाएगा, जैसे मौसम की स्थिति के बारे में तीर्थयात्रियों को सूचित करने के लिए वेबसाइट/पोर्टल, जलवायु-अनुकूल रास्ते में स्वास्थ्य सुविधाओं का स्थान, कॉल सेंटर नंबर, यात्रा पूर्व स्क्रीनिंग, आपातकालीन सहायता नंबर।






# सीएम पुष्कर का पौड़ी के विकास के लिए विज़न और एक्शन दोनों तैयार

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

पौड़ी, 6 मार्च। उत्तराखंड राज्य 22 साल का हो चुका है. इस समयकाल में यहां बारह मुख्यमंत्री प्रदेश को सँभालने की ज़िम्मेदारी निभा चुके हैं. इसमें से सिर्फ़ दो मुख्यमंत्री ऐसे हुए हैं जिसको दो बार सूबे की कमान सँभालने का अवसर मिला है वो हैं भुवन चंद्र खंडूरी और पुष्कर सिंह धामी। गौरतलब है कि इनमें से पांच मुख्यमंत्री पौड़ी जिले से ही आते हैं, परन्तु विडंबना रही कि इनमें से कोई मंडल मुख्यालय पौड़ी की अंदरूनी नाज़ुक दशा की पीड़ा को नहीं समझ पाया।

लेकिन समय ने करवट बदली नए सूर्य का उदय हुआ और पुष्कर सिंह धामी को राज्य की जनता का दुबारा आशीर्वाद और प्यार मिला और उन्हें राज्य का मुख्यमंत्री बना दिया गया, अब सीएम धामी ने पौड़ी जिले की दशा सुधार यहाँ के विकास के लिए एक के बाद एक तीव्र गति से कई कदम उठाए हैं। अधिकारियों को तलब करते हुए निर्देश दिए गए हैं कि राजधानी देहरादून के बजाय पौड़ी में ही रहें। केवल मुख्यालय पौड़ी ही नहीं बल्कि पूरे जिले के विकास की रूपरेखा बदलने को धामी ने जो तेवर दिखाए हैं, उसने सबका ध्यान अपनी ओर खींचता है. विधायक भले चंपावत से बने हैं धामी, लेकिन उनके इस विज़न और ऐक्शन ने साबित कर दिया कि मुख्यमंत्री पूरे राज्य का होता, अंतिम व्यक्ति तक के विकास का होता है।





## हरिद्वार पुलिस को बड़ी सफ़लता भारी मात्रा में प्रतिबंधित टेबलेट और इंजेक्शन के साथ तीन व्यकितयों धर दबोचा

हरिद्वार 6 मार्च : पुलिस को बड़ी सफ़लता हाट लगी है, रूड़की के पास कलियर थाना क्षेत्र में प्रतिबंधित साठ हजार टेबलेट अल्प्राजोलम ओर दो हजार इंजेक्शन पेंटाज़ोसाइन के साथ 3 व्यकितयों को धर दबोचा, इनके पास से बिना नंबर की स्वीफ्ट डिजायर कार भी बरामद हुई है. कलियर थाने में प्रभावी धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है. आरोपियों में सतीश पुत्र बारू निवासी जी पाऊं थाना चरथावल जनपद मुजफ्फरनगर, अमित चंदेल पुत्र ज्ञानचंद निवासी बर्फ फैक्ट्री के पास इंदिरा कॉलोनी थाना सदर बाजार जनपद मुजफ्फरनगर शामिल हैं. इन अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास की पड़ताल की जा रही है.

## भवाली में म्येरि पछ्याण पुस्तक का हुआ विमोचन

नैनीताल। नगर के रामलीला मैदान में सोमवार को श्यामखेत निवासी गिरीश चंद्र बहुगुणा उत्तरांचली की म्येरि पछ्याण पुस्तक का विमोचन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक सरिता आर्य, वरिष्ठ नागरिक घनश्याम बिष्ट रहे। बहुगुणा ने कहा कि पुस्तक का आधार भवाली है। कुमाऊं की विलुप्त होती जागर, श्राद्ध, पकवान, फल आदि 48 विषय में कविताओं को पिरोया गया है। उन्होंने नगर के तरुण जोशी को प्रेरणास्रोत कहा। कहा कि युवाओं को इस पुस्तक से नया मार्गदर्शन मिलेगा। वहीं स्थानीय लोगों ने बहुगुणा को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस मौके पर तरुण जोशी, मोहन बिष्ट, नीमा, जुगल मठपाल, नरेश पांडे, प्रकाश आर्या, खष्टी बिष्ट, आशुतोष चन्दोला, दयाल आर्य, बालम मेहरा रहे।

## हल्दूचौड़ में मंदिर से हजारों की घंटियां चोरी

नैनीताल । हल्दूचौड़ के गोपीपुरम स्थित शिव मंदिर से चोरों ने हजारों की घंटियां चोरी कर ली। मंदिर कमेटी की सूचना पर पुलिस ने मुआयना कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। सोमवार दोपहर करीब दो बजे गोपीपुरम स्थित शिव मंदिर में चोरों ने करीब आठ हजार कीमत की घंटियां चोरी कर ली। मंदिर कमेटी अध्यक्ष ईश्वरी दत्त जोशी, प्रधान रुकमणी नेगी ने इसकी सूचना हल्दूचौड़ चौकी पुलिस दी। मौके पर पहुंची पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। स्थानीय पूर्व सैनिक जीवन भट्ट ने बताया इससे पूर्व भी मंदिर में चोर चोरी की वारदात को अंजाम दे चुके हैं। उन्होंने पुलिस से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने की मांग की है।

## पुलिस ने चलाया सघन चेकिंग अभियान

नैनीताल। होली पर सुरक्षा को देखते हुए पुलिस की ओर से विभिन्न स्थानों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने 22 के खिलाफ चालानी कार्रवाई की। तल्लीताल एसओ रोहिताश सागर ने बताया यातायात नियमों के उल्लंघन पर 16 के खिलाफ चालानी कार्रवाई कर 8 हजार रुपए का राजस्व वसूला। जबकि सार्वजनिक स्थल पर धूम्रपान व नशा करने के खिलाफ 6 लोगों के खिलाफ चालानी कार्रवाई कर 6 हजार का राजस्व वसूला। इसके अलावा एक वाहन सीज किया।

## अब जान देंगे पर उद्यान जमीन नही देंगे

नैनीताल। मल्ला रामगढ़ उद्यान भूमि हस्तांतरण करने पर सरकार के खिलाफ धरने पर बैठे प्रदर्शनकारियों की कोई सुध नहीं ले रहा है। सोमवार को धरना प्रदर्शन करते हुए एक माह का समय पूरा हो गया है। लेकिन अब तक किसानों, ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों की किसी ने नहीं सुनी। जिस पर आक्रोशित होकर सभी ने एकजुट होकर कहा कि अब जान देंगे पर जमीन किसी हाल में नही देंगे। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि सरकार प्रशासन मूक दर्शक बन रही है तो इसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ेगा। व्यापार मंडल अध्यक्ष अभय पांडे, सरपंच अभिषेक जोशी ने कहा कि अब जान दे देंगे पर जमीन किसी हाल में नही देंगे। 4.4 एकड़ उद्यानभूमि किसानों को अच्छी किस्म के पेड़ पौधे उपलब्ध कराने के लिए विभाग को दी थी। पर सरकार ने किसानों के साथ छलकर उद्योगपतियों को जमीन निशुल्क हस्तांतरित कर दी है। 30 दिन से किसान धरने पर हैं, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। जो सरकार किसानों की नहीं सुन रही वो जनता की क्या सुनेगी। कहा कि अब निर्णय कर लिया है, जान जाएगी पर जमीन नहीं जाने देंगे। इस दौरान धरने में मुदित जोशी, नरेश मेहरा, कौशल जोशी, पूरन पांडे, अमन दरमवाल, दीपांशु सेन मौजूद रहे।


उत्तराखण्ड शासन
NATIONAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
G20



पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

समस्त प्रदेश वासियों को
अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस
8 मार्च, 2023
के अवसर पर
हार्दिक शुभकामनायें

आईए समस्त महिलाओं के लिए सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ उठायें

- **प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान**
  प्रशिक्षित व अनुभवी चिकित्सकों द्वारा प्रसव पूर्व नि:शुल्क जाँच एवं परामर्श।
- **जननी सुरक्षा योजना**
  सरकारी अस्पताल में सुरक्षित प्रसव।
- **जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम**
  मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की संपूर्ण देखभाल।
- **किशोरी स्वास्थ्य कार्यक्रम**
  किशोरियों को पोषण एवं अमिनिया/रक्त अल्पता के सम्बन्ध में जागरूकता।




गर्भस्थ शिशु का लिंग परीक्षण कानूनन अपराध है।

स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी/शिकायत हेतु हेल्पलाइन नं. 104 पर संपर्क करें।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी

# धामी सरकार की इस पहल से इस बार की चारधाम यात्रा होगी कुछ ख़ास









**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 6 मार्च। विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन जारी हैं जिसमे अब तक कुल दो लाख श्रद्दालु अपना रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं जिसके अंतर्गत सबसे ज़्यादा बुकिंग केदारनाथ के लिए हुई है. लेकिन इस बार की चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं को मिलने जा रही जो ख़ास सुविधा है वो है फ़्री वाई फ़ाई जिसमे अब यात्री आसानी से लाइव स्ट्रीमिंग का लुत्फ़ उठा सकेंगे और अपनो सम्बन्धियों से कनेक्ट रह सकेंगे।

इन चार धाम लोकेशन पर अभी तक सभी दूरसंचार कंपनियों के सिग्नल पूरे नहीं आते। किसी की कहीं ज्यादा कनेक्टिविटी होती है तो किसी के सिग्नल बहुत कम होते हैं। इस वजह से तीर्थयात्रियों को काफी परेशानी होती है। धामी सरकार ने इस बार तीर्थयात्रियों को इंटरनेट से जोड़े रखने के लिए वाईफाई जोन बनाने की तैयारी की है। इसमे सूचना प्रौद्योगिकी एवं विकास एजेंसी( आईटीडीए ) की निदेशक नितिका खंडेलवाल ने इसका प्रपोज़ल निजी कंपनियों से मांगा है। इसके अंतर्गत कंपनी को धामों तक लीज लाइन पहुंचानी होगी और वाईफाई जोन बनाने होंगे। बता दें कि वर्ष 2018 में प्रशासन ने केदारनाथ यात्रा मार्ग पर नौ जगहों पर फ्री वाईफाई की सुविधा दी थी।

**मौसम की भविष्यवाणी से रह सकेंगे अपडेट**

चारधाम यात्रा के दौरान मौसम की एक बड़ी चुनौती रहती है। सरकार मौसम के मिज़ाज के हिसाब से तीर्थयात्रा को आगे बढ़ाने का निर्णय करती है। कई बार मौसम बहुत खराब होने पर यात्रा रोकनी पड़ती है। इस बार हर रजिस्ट्रेशन कराने वाले यात्री को उसके मोबाइल पर मौसम की भविष्यवाणी भी मिल जायेगी ।

# हरिद्वार पुलिस को बड़ी सफ़लता भारी मात्रा में प्रतिबंधित टेबलेट और इंजेक्शन के साथ तीन व्यकितयों धर दबोचा

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

हरिद्वार 6 मार्च : पुलिस को बड़ी सफ़लता हाट लगी है, रूड़की के पास कलियर थाना क्षेत्र में प्रतिबंधित साठ हजार टेबलेट अल्प्राजोलम ओर दो हजार इंजेक्शन पेंटाज़ोसाइन के साथ 3 व्यकितयों को धर दबोचा, इनके पास से बिना नंबर की स्वीफ्ट डिजायर कार भी बरामद हुई है. कलियर थाने में प्रभावी धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है. आरोपियों मे सतीश पुत्र बारू निवासी जी पाऊं थाना चरथावल जनपद मुजफ्फरनगर, अमित चंदेल पुत्र ज्ञानचंद निवासी बर्फ फैक्ट्री के पास इंदिरा कॉलोनी थाना सदर बाजार जनपद मुजफ्फरनगर शामिल हैं. इन अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास की पड़ताल की जा रही है.



# कंडीसौड़ में होली मिलन के साथ महिला दिवस मनाया

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

नई टिहरी। महिला दिवस पर होली का अवकाश होने के चलते कंडीसौड़ में स्थानीय महिलाओं ने होली मिलन कार्यक्रम के साथ ही महिला दिवस को मनाया। इस मौके पर महिला वक्ताओं ने कहा कि इतिहास गवाह है कि महिलाओं ने समय आने पर बलिदान व त्याग के मामले में कभी कदम पीछे नहीं खींचे।

महिला दिवस मनाते हुए महिलाओं ने बाजार में रैली निकाली। इसके बाद होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन कर समाज में महिलाओं के योगदानों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इतिहास महिलाओं के आंदोलन में भूमिका का गवाह है। 8 मार्च 1937 को स्पेन की महिलाओं ने तानाशाह फ्रैंको के खिलाफ आवाज उठाई और लोकतंत्र की मांग की। 8 मार्च 1974 को ईरान के धार्मिक नेताओं की आज्ञा का उलंघन कर 5 हजार से ज्यादा महिलाओं ने बिना सर ढके जूलूस निकाल कर अपनी आवाज उठाई। 8 मार्च 1908में सरकार ने महिलाओं के लिए पुरूषों के बराबर मजदूरी और कार्य करने के लिए समय बराबर किया। 8 मार्च 1893 को लम्बे संघर्ष के बाद न्यूजीलैंड की महिलाओं को वोट देने का अधिकार मिला। 8 मार्च 1974 को वियतनाम की महिलाएं युद्ध और हिंसा के विरुद्ध सडकों पर प्रदर्शन के लिए उतरी। इस मौके पर सुमेरी बिष्ट, महिला पुलिस हेड कांस्टेबल अमृता, सुचिता, रेखा, ममता, मंजू रमोला, अपर्णा, पवना, शीला देवी, नगीना देवी, चन्द्र कला, जस्सी देवी ,हंसा देवी, संग्राही आदि मौजूद रहे।

# होली से पहले चमोली पुलिस का उपहार, लोगों को लौटाए लगभग 10 लाख कीमत से अधिक के 40 मोबाईल फोन

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**





चमोली 6 मार्च : पुलिस अधीक्षक चमोली प्रमेन्द्र डोभाल ने लोगों के खोए मोबाइल लौटाकर बिखेरी उनके चेहरों पर मुस्कान बिखेरी आजकल के दौर में मोबाइल फोन हमारे जीवन के सबसे महत्वपूर्ण उपकरणों में से एक है जिसके अचानक खो जाने से कुछ समय के लिए व्यक्ति का मन दुखी हो जाता है। मोबाइल हमारी रोजमर्रा की ज़िंदगी का अभिन्न हिस्सा बन चुका है और ऐसे में अचानक से इसका खो जाना दैनिक जीवनचर्या के लगभग रुक जाने के समान है।

चमोली के पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र डोबाल द्वारा आम जनता के मोबाइल फोन गुमशुदगी होने की लिखित शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुये त्वरित कार्यवाही करने के लिए मोबाइल रिकवरी सेल को आदेशित किया गया था जिसमे पुलिस उपाधीक्षक ऑपरेशन नताशा सिंह के कुशल दिशा-निर्देशन में मोबाइल रिकवरी सेल प्रभारी नवनीत भंडारी की पुलिस टीम के अद्भुत समन्वय द्वारा दिन-रात प्रयासों से गुमशुदा हुए मोबाइल फोन के IMEI नम्बरों को सर्विलांस में लगाकर विभिन्न स्थानों से विभिन्न कम्पनियों के कुल 40 एक्टिव मोबाइल फोन बरामद किए गए जिन्हें आज उनके मालिकों को सुपुर्द किया गया। खोए हुए मोबाइलों को चमोली पुलिस द्वारा उनके मालिकों तक ढूंढकर पहुंचाया जाना, इस त्योहारी सीजन का बड़ा उपहार है।

अपना खोया मोबाइल वापस मिलने पर सभी शिकायतकर्ता बहुत प्रसन्न हुए, सभी ने मुक्त कंठ से चमोली पुलिस की कार्यशैली की सराहना करते हुए आभार प्रकट किया व कहा कि हम तो उम्मीद छोड़ ही चुके थे।मोबाइल पाने के बाद मोबाइल स्वामियों में काफी खुशी नजर आ रही है जिनका मोबाइल उन तक पहुंच गया है वह पुलिस के कसीदे पढ़ते थक नहीं रहे वहीं दूसरी ओर पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र डोभाल ने कहा कि आप लोगों की खुशी देख हमारी टीम का भी उत्साह बढ़ा है और सभी को सलाह दी कि अपने फोन में कभी भी व्यक्तिगत अति महत्वपूर्ण जानकारियाँ एवं फोटोग्राफ नहीं रखें,आपकी व्यक्तिगत जानकारियों को दुरुपयोग हो सकता है और सेकंड हैंड फोन प्रॉपर वेरीफिकेशन के बिना ना खरीदें। आगे भी अगर कोई मिसिंग फोन की शिकायत दर्ज होती है तो उस पर भी कार्य करते हुए मोबाइल फोन खोजने की कार्रवाई की जाएगी।

# भारतीय विदेश सेवा के अधिकारियों ने की सीएम धामी से भेंट



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 6 मार्च। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से सोमवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में भारतीय विदेश सेवा के अधिकारियों मदन कुमार घिल्डियाल, भास्कर भट्ट एवं महेन्द्र सिंह पतियाल ने भेंट की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विदेश सेवा के इन अधिकारियों को कहा कि उत्तराखण्ड में पर्यटन, उद्यान, प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में अनेक संभावनाएं हैं, राज्य सरकार द्वारा इन क्षेत्रों को राज्य में काफी प्रोत्साहन दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिन देशों में इन क्षेत्रों में अच्छा कार्य हो रहा है, उन देशों के कुछ विशेषज्ञों को राज्य में आमंत्रित किया जाए। राज्य में इन क्षेत्रों में बढ़ावा देने के लिए अधिकारियों के साथ बैठक कराई जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में योग, आयुर्वेद एवं वेलनेस के क्षेत्र में भी अनेक संभावनाएं हैं। राज्य में योग एवं आयुर्वेद के अनेक विशेषज्ञ हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में मिलेट को तेजी से बढ़ावा दिया जा रहा है।

भारतीय विदेश सेवा के अधिकारियों ने कहा कि पर्यटन के क्षेत्र में बाली में काफी कार्य हुए हैं, उन्होंने सुझाव दिया कि बाली की तर्ज पर उत्तराखण्ड में भी पर्यटन को बढ़ावा दिया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार राज्य के जिन स्थानीय उत्पादों को वैश्विक स्तर पर प्रमोट करना चाहती है, उनके प्रोत्साहन में राज्य को हर संभव मदद दी जायेगी। इस अवसर पर सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम भी उपस्थित थे।

# आन लाइन ट्रेड के विरोध में व्यापारियों ने की बैठक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नई टिहरी। ऑनलाइन ट्रेडिंग के विरोध मे सोमवार को नई टिहरी, चम्बा, बौराड़ी, बीपूरम व कोटी व्यापार मण्डल के व्यापारियों बैठक आयोजित कर आन लाइन ट्रेड पर नियंत्रण के साथ ही छोटे कारोबारियों के लिए केंद्र सरकार से नीती बनाने की मांग की। बैठक के बाद डीएम डॉ सौरभ गहरवार को ज्ञापन भी सौंपा।

बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में व्यापारियों में नई टिहरी व्यापार मण्डल अध्यक्ष ज्योति डोभाल ने कहा कि कोरोना मे सभी का व्यापार खत्म हुआ है, परन्तु ऑनलाइन ट्रेडिंग व्यवसाय ने तरक्की की है। सरकार की गलत नीतियों के कारण आन लाइन कारोबार बढ़ रहा है और छोटे कारोबारी खत्म हो रहे हैं। चम्बा व्यापार मण्डल अध्यक्ष विशन सिंह भंडारी एवं कोटी व्यापार मण्डल अध्यक्ष कुलदीप पंवार ने कहा ये बाहरी ऑनलाइन कंपनिया देश का पैसा बाहर ले जाकर विदेशी करसी को मजबूत कर रहे हैं और हमारे देश का रुपया गिर रहा है। आन लाइन कारोबार के कारण छोटे कारोबारियों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है पहले कोरोना और अब ऑनलाइन ट्रेडिंग ने छोटे ब्यापारीयों को खत्म करने का कार्य किया है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार जल्द ऑनलाइन ट्रेडिंग पर रोक लगाए या इस सम्बन्ध में ठोस नीति छोटे व्यापारियों के पक्ष मे बनाये अन्यथा समस्त प्रदेश के व्यापारी सरकार को जीएसटी नहीं देंगे और आगामी लोकसभा चुनाव में इसका जवोब देंगे। इस मौके पर टिहरी व्यापार मण्डल महामंत्री अजय गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनोज चमोली, वरिष्ठ उपाध्याय जयेन्द्र पंवार, बौराड़ी चम्बा ब्यापार मण्डल अध्यक्ष विशन सिंह भंडारी, कोषाध्यक्ष रुकम सिंह नेगी, दिनेश भंडारी, दरम्यान सिंह नेगी, कोटी व्यापार मण्डल अध्यक्ष कुलदीप पंवार, बीपूरम अध्यक्ष मोहन सिंह नेगी आदि मौजूद रहे।

# प्रॉपर्टी विवाद में दो पक्षों के खिलाफ क्रास एफआईआर

नैनीताल। मल्लीताल क्षेत्र में प्रॉपर्टी को लेकर दो भाइयों के बीच उपजा विवाद कोतवाली पहुंच गया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले में दोनों पक्षों के खिलाफ क्रॉस एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मल्लीताल स्प्रिंग कॉटेज निवासी गीतिका गंगोला ने रविवार को कोतवाली में तहरीर देकर उनके देवर-देवरानी पर प्रॉपर्टी को लेकर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। सोमवार को दूसरे पक्ष के अनिरुद्ध गंगोला ने भी चचेरे भाई व उनकी पत्नी पर घर में घुसकर अभद्रता व मारपीट करने करने का आरोप लगाया। मामले में एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि दोनों की तहरीर पर एक पक्ष के अभिनव गंगोला उनकी पत्नी गीतिका गंगोला और दूसरे पक्ष के अनिरुद्ध गंगोला और उनकी पत्नी स्वाति गंगोला के खिलाफ आईपीसी के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अन्तर्गत रुपये 856.84 करोड़ लागत से बनने वाली 104 सड़कों को केन्द्र सरकार से स्वीकृति प्रदान की गई है : गणेश जोशी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 06 मार्च । प्रदेश के ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने सोमवार को विधानसभा भवन में प्रेस कॉन्फ्रेंस की, प्रेस कॉन्फ्रेंस में मंत्री जोशी ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अन्तर्गत रुपये 856.84 करोड़ लागत से बनने वाली 1090 किलोमीटर लम्बाई वाली 104 सड़कों को केन्द्र सरकार से स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसके लिए ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया। गणेश जोशी ने कहा कि जून 2022 में केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री से इस विषय में अनुरोध किया गया था।





मंत्री ने कहा PMGSY-III के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा निर्धारित 2288 किमी0 के आवंटन के सापेक्ष प्रथम बैच में 3 मार्च, 2023 को आहूत एम्पावर्ड कमेटी की बैठक में 104 मार्गों, जिसकी लम्बाई - 1091 किमी0 है को कुल लागत रू0 857 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसमें अल्मोड़ा की 04, बागेश्वर की 04, चमोली की 18, देहरादून की 05, हरिद्वार की 11, नैनीताल की 05, पौड़ी की 35, रुद्रप्रयाग की 04, टिहरी की 15, उत्तरकाशी की 03 सड़कों का सुदृढ़ीकरण कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा भारत सरकार के मानकों के अनुरूप शेष पात्र डी०पी०आर० के भी गठन की कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है, जिन्हें स्टेट टेक्निकल एजेंसी से परीक्षण कराकर मार्च, 2023 के अन्त तक भारत सरकार को प्रेषित कर दिया जायेगा।

मंत्री ने कहा सरकार का संकल्प 2025 के अनुरुप PMGSY-III के अन्तर्गत समस्त स्वीकृति प्राप्त कर मार्च, 2025 तक मार्गों के सुदृढीकरण का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा । उन्होंने कहा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 250 से अधिक जनसंख्या की कुल स्वीकृत 1866 बसावटों के सापेक्ष वर्तमान तक 1836 बसावटों को सड़क सम्पर्क से संयोजित किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि सरकार का संकल्प है कि शेष 30 बसावटों में से 16 बसावटों को मार्च, 2023 तक तथा 14 बसावटों को आगामी वित्तीय वर्ष 2023-24 में सड़क सम्पर्क से संयोजित कर दिया जायेगा । मंत्री जोशी ने कहा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत मार्गों के डामरीकरण के उपरान्त पंचवर्षीय आरक्षण की व्यवस्था सम्मिलित हैं। मार्गों की पंचवर्षीय अनुरक्षण अवधि पूर्ण होने के उपरान्त मार्गों के समुचित रखरखाव हेतु राज्य सरकार द्वारा इन मार्गों को लोक निर्माण विभाग को हस्तांतरित किये जाने का निर्णय लिया गया है। वर्तमान तक कुल 521 मार्गो में से 478 मार्ग, लम्बाई-3200 किमी0 तथा कुल 61 सेतु में से 32 सेतु हस्तांतरित किये जा चुके हैं एवं सतत प्रक्रिया के अन्तर्गत पंचवर्षीय अनुरक्षण पूर्ण होते ही कार्यों के लोक निर्माण विभाग को हस्तांतरण की प्रक्रिया गतिमान है।

उन्होंने कहा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अन्तर्गत द्वितीय फेज में ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष हेतु 18602 आवास निर्माण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसके सापेक्ष कुल 18000 आवास आवंटित किये जा चुके है। (अल्मोड़ा में 748, बागेश्वर में 1360, चमोली में 1804, चम्पावत में 861, देहरादून में 1547, हरिद्वार में 1603, नैनीताल में 803, पौड़ी में 2093, पिथौरागढ़ में 1606, रुद्रप्रयाग में 1315, टिहरी में 1121, उधमसिंह नगर में 1864, उत्तरकाशी में 18641) 602 आवास का आवंटन तकनीकी कारणों से (भूमि इत्यादि) प्रक्रिया में है, जल्द ही इसका लाभ भी आवासहीन परिवारों को मिलेगा।

104 सड़को ( ) को केंद्र सरकार से स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसके लिए ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया। मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि जून 2022 में केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री से इस बाबत अनुरोध किया गया था।
मंत्री ने कहा PMGSY-III के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा निर्धारित 2288 किमी0 के आवंटन के सापेक्ष प्रथम बैच में 3 मार्च, 2023 को आहूत एम्पावर्ड कमेटी की बैठक में 104 मार्गों, लम्बाई - 1091 किमी0, लागत रू0 857 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसमें अल्मोड़ा की 04, बागेश्वर की 04, चमोली की 18, देहरादून की 05, हरिद्वार की 11, नैनीताल की 05, पौड़ी की 35, रुद्रप्रयाग की 04, टिहरी की 15, उत्तरकाशी की 03 सड़कों का सुदृढ़ीकरण कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा भारत सरकार के मानकों के अनुरूप शेष पात्र डी०पी०आर० के भी गठन की कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है, जिन्हें स्टेट टेक्निकल एजेन्सी से परीक्षण कराकर मार्च, 2023 के अन्त तक भारत सरकार को प्रेषित कर दिया जाएगा । मंत्री ने कहा सरकार का संकल्प 2025 के अनुरूप PMGSY-III के अन्तर्गत समस्त स्वीकृति प्राप्त कर मार्च, 2025 तक मार्गों के सुदृढीकरण का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा । उन्होंने कहा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 250 से अधिक जनसंख्या की कुल स्वीकृत 1866 बसावटों के सापेक्ष वर्तमान तक 1836 बसावटों को सड़क सम्पर्क से संयोजित किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि सरकार का संकल्प है कि शेष 30 बसावटों में से 16 बसावटों को मार्च, 2023 तक तथा 14 बसावटों को आगामी वित्तीय वर्ष 2023-24 में सड़क सम्पर्क से संयोजित कर दिया जायेगा । मंत्री जोशी ने कहा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत मार्गों के डामरीकरण के उपरान्त पंचवर्षीय अनुरक्षण की व्यवस्था सम्मिलित हैं। मार्गों की पंचवर्षीय अनुरक्षण अवधि पूर्ण होने के उपरान्त मार्गों के समुचित रखरखाव हेतु राज्य सरकार द्वारा इन मार्गों को लोक निर्माण विभाग को हस्तांतरित किये जाने का निर्णय लिया गया है। वर्तमान तक कुल 521 मार्गो में से 478 मार्ग, लम्बाई-3200 किमी0 तथा कुल 61 सेतु में से 32 सेतु हस्तांतरित किये जा चुके हैं एवं सतत प्रक्रिया के अन्तर्गत पंचवर्षीय अनुरक्षण पूर्ण होते ही कार्यों के लोक निर्माण विभाग को हस्तांतरण की प्रक्रिया गतिमान है।उन्होंने कहा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अन्तर्गत द्वितीय फेज में ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष हेतु 18602 आवास निर्माण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसके सापेक्ष कुल 18000 आवास आवंटित किये जा चुके है। (अल्मोड़ा में 748, बागेश्वर में 1360, चमोली में 1804, चम्पावत में 861, देहरादून में 1547, हरिद्वार में 1603, नैनीताल में 803, पौड़ी में 2093, पिथौरागढ़ में 1606, रुद्रप्रयाग में 1315, टिहरी में 1121, उधमसिंह नगर में 1864, उत्तरकाशी में 18641) 602 आवास का आवंटन तकनीकी कारणों से (भूमि इत्यादि) प्रक्रिया में है, जल्द ही इसका लाभ भी आवासहीन परिवारों को मिलेगा।

# नई शिक्षा नीति में पूरे मनोयोग से कार्य करें शिक्षक : प्रेमचंद

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ऋषिकेश, 6 मार्च। शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि नई शिक्षा नीति के बेहतर क्रियान्वयन के लिए सभी शिक्षकों को पूरे मनोयोग से कार्य करना होगा। यह महान कार्य तभी पूर्ण होगा, जब नई शिक्षा नीति पूर्ण रूप से पूरे देश में लागू हो जाएगी। सोमवार को शिवाजीनगर स्थित रेड रोज पब्लिक जूनियर हाई स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन हुआ। इसका शुभारंभ मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने किया। कहा कि वार्षिकोत्सव विद्यालय की वार्षिक प्रस्तुति को दर्शाता है और यह आवश्यक भी है। वार्षिकोत्सव के जरिए विद्यालय के बच्चों को प्रतिभा निखारने का अवसर मिलता है। इस तरह के कार्यक्रमों में विभिन्न राज्यों की संस्कृति एक मंच पर देखने को मिलती है। यही भारत की एकता, अखंडता और संप्रभुता का उदाहरण हैं। नई शिक्षा नीति को लागू करने के इस अभियान में शिक्षक पूर्ण उत्साह से कार्य कर रहे हैं। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। मौके पर जिलाध्यक्ष भाजपा रविन्द्र राणा, पूर्व राज्यमंत्री कृष्ण कुमार सिंघल, विद्यालय संघ के महामंत्री राजीव थपलियाल, प्रबंधक डॉ. अनिल कुमार चौहान, प्रधानाचार्य मृदुला वर्मा, पूर्व सभासद अशोक पासवान, नरेश कुमार, नीता भट्ट, ऋचा पांडेय, सुषमा भट्ट, पारुल आदि उपस्थित रहे।



## बनबसा में धूमधाम से मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

चम्पावत। टनकपुर पावर स्टेशन एनएचपीसी में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर तीलू रौतेली पुरस्कार प्राप्त जानकी चंद को किया गया सम्मानित। सोमवार को प्रभात फेरी के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। होली के अवकाश को देखते हुए दो दिन पहले ही महिला दिवस मनाया गया। महाप्रबंधक राजिल व्यास सहित पावर स्टेशन के कर्मियों, केंद्रीय विद्यालय व सीआइएसएफ में कार्यरत महिलाओं व अधिकारियों ने प्रभात फेरी में प्रतिभाग लिया। कार्यक्रम में तीलू रौतेली पुरस्कार प्राप्त और उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जानकी चंद को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक राजील व्यास ने महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा की समाज कि उन्नति के लिए महिला का शिक्षित व सशक्त होना जरुरी है। कार्यक्रम में क्षेत्र पंचायत सदस्य ललित, संयोजक डॉ. मीना प्रसाद, केंद्रीय विद्यालय-2 की प्रधानाचार्या रंजना बरफाल उपस्थित रहीं।

## होली पर्व पर नशीले पदार्थों से दूर रहें

चम्पावत। दयानंद इंटर कॉलेज में सोमवार को 'नशा हटाओ जीवन बचाओ' के तहत होली पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। अंतराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर बच्चों को होली पर रंग लेकिन नशामुक्ति के संग का नारा दिया। विद्यालय के प्रबंधक डॉ.मनुश्रवा आर्य ने बच्चों को होली की वैदिक महत्ता को बताया। जीआईसी सिप्टी के प्रवक्ता सामश्रवा आर्य ने होली पर्व पर मिलावटी वस्तुओं दूर रहने की बात कही। साथ ही नशीले पदार्थों का सेवन नहीं करने की बात कही। यहां प्रधानाचार्या माहेश्वरी पांडेय, गायत्री कृपा आर्य, निर्मला बिष्ट, ज्योति, प्रियंका, शिखा, योगिता, सपना, पूजा, दुर्गा, आरती, हर्षिता, साक्षी, संदीप, सुरजीत आदि रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में बुजुर्ग की मौत

चम्पावत। सिमलटुकरा बाराकोट में 65 वर्षीय बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया है। बाराकोट चौकी प्रभारी कुंदन बोहरा ने बताया कि लोगों ने सिमलटुकरा गांव में रविवार देर रात को मदन सिंह पुत्र केसर सिंह निवासी सिमलटुकरा गांव को जोडने वाले मार्ग में अचेत अवस्था में पडने की सूचना दी। पुलिस और ग्रामीणों की मदद से बुजुर्ग को उप जिला चिकित्सालय लोहाघाट लाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## 50 प्रतिभागियों ने लिया बिजनेस इंटेलिजेंस की उन्नत तकनीकों का प्रशिक्षण

ऋषिकेश। मुनिकीरेती स्थित ओआईएमटी में हनीवेल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर वुमेन एम्पावरमेंट के तहत हुई कार्यशाला में 50 छात्र-छात्राओं ने 100 घंटों का बिजनेस इंटेलिजेंस की उन्नत तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया। सोमवार को ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट इंचार्ज प्रो. अपूर्व त्रिवेदी ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस युग में तकनीकी कौशल की मांग बहुत तेजी से बदल रही है। इसी के तहत 14 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला से प्रतिभागियों ने भविष्य योग्य कार्यबल की जरूरत के अनुसार कौशल प्राप्त किया। सभी 50 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण के दौरान सारे मूल्यांकन सफलतापूर्वक पूरे किए। प्रतिभागियों ने न केवल डेटा विश्लेषण के बारे में नई जानकारी प्राप्त की, बल्कि अब वे उद्योग की मांग के साथ बेहतर तरीके से संस्थानों के लिए एक मूल्यवान संसाधन बन गए हैं, जिससे उनके रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। संस्थान के निदेशक डॉ. विकास गैरोला ने इस कार्यक्रम को महिला एवं युवा सशक्तिकरण की तरफ एक मजबूत कदम बताया। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आईसीटी अकादमी के आदित्य, हनीवेल के प्रशिक्षक अखिलाष, संस्थान की तरफ से समन्वयक शिवांगी भाटिया का धन्यवाद किया। इस दौरान सभी प्रतिभागियों को हनीवेल और आईसीटी अकादमी द्वारा वैश्विक प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। मौके पर डीन प्रमोद उनियाल, डॉ. संतोष डबराल, अपूर्वा, सनिल रावत आदि उपस्थित रहे।

# उत्कृष्ट कार्य करने पर महिलाओं का सम्मान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

श्रीनगर गढ़वाल। नगर भाजपा मंडल की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में नगर क्षेत्र में साहित्य, समाज, राजनीति व अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली करीब 75 महिलाओं का सम्मान किया गया। मां मायादेवी ग्रुप से जुड़ी महिलाओं के होली गीतों से सम्मान समारोह का आगाज हुआ। जिस पर लोग जमकर नाचे।

लक्ष्य कोचिंग इंस्टीट्यूट में आयोजित सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शाश्वत धाम लक्ष्मोली के संस्थापक स्वामी अद्वैतानंद ने कहा कि सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस व होली की शुभकामनाएं देते हुए सम्मानित होने वाली महिलाओं को अलग-अलग क्षेत्रों में और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष सुषमा रावत ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि भाजपा महिलाओं का सम्मान करने वाली पार्टी है। कहा महिलाओं के लिए राज्य व केंद्र सरकार की कई योजनाएं हैं, जिनका लाभ महिलाओं का मिल रहा है। कार्यक्रम संयोजक वासुदेव कंडारी ने कहा कि ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जिसमें महिलाएं अपना परचम नहीं फहरा रही हैं। उन्होंने कहा कि नगर क्षेत्र में अलग-अलग क्षेत्रों में महिलाएं बेहतर कार्य कर रही हैं। जिनका सम्मान होना जरूरी है। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र धिरवाण ने कहा सम्मान समारोह में करीब 75 महिलाओं को सम्मानित किया गया। उन्होंने इसके लिए सभी को बधाई दी। इस अवसर पर मंडल महामंत्री संजय गुप्ता, सौरभ पांडे, पंकज सती, दिनेश पंवार, मंडल उपाध्यक्ष दिनेश पटवाल, सुरेंद्र सिंह नेगी, अजब सिंह रावत, झाबर सिंह रावत, जिला मीडिया प्रभारी गणेश भट्ट, व्यापार सभा अध्यक्ष दिनेश असवाल, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र रावत, लखपत भंडारी आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने व्यापारियों और टैक्सी यूनियन के लोगों के साथ बैठक की

नई टिहरी। चारधाम यात्रा के सुचारु संचालन हेतु पुलिस ने चमियाला बाजार में टैक्सी यूनियन और व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। चमियाला पुलिस चौकी इंचार्ज विनोद कुमार ने बैठक में व्यापारियों और टैक्सी यूनियन के साथ आम लोगों से सहयोग की अपील की। उन्होंने व्यापारियों से सडक पर सामान न लगाने, निजी वाहनों को घरों अथवा बाजार से दूर खड़ा करने, माल ढुलाई करने वाले भारी वाहनों को सिलयारा और लाटा में सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक रोक के बारे में जानकारी दी। उन्होंने सभी वाहन चालकों से ओवर स्पीड पर रोक लगवाने को कहा। कहा कि जो यातायात के नियमों का उल्लंघन करते हुए पकड़ा जाएगा, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

बैठक में व्यापार मंडलध्यक्ष सूरत सिंह रावत, प्रदीप कुमार, टैक्सी यूनियन अध्यक्ष प्यार सिंह बिष्ट, केशर पंवार, मदन सिंह असवाल, राजेन्द्र राणा, सुंदर पंवार, सभासद हरीश राणा, एसआई महावीर रावत सहित व्यापार मंडल और टैक्सी यूनियन के लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रौद्योगिक महाविद्यालय ने खेलकूद में जीते 14 स्वर्ण पदक

रुद्रपुर। जीबी पंत विवि के प्रौद्योगिक महाविद्यालय की ईटीएस सोसाइटी की ओर से आयोजित तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हुआ। इसमें प्रौद्योगिक महाविद्यालय ने 14 स्वर्ण पदक जीत ट्रॉफी पर कब्जा किया। रविवार को आयोजित प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि आईपीएस तपेश कुमार और विशिष्ट अतिथि मुक्केबाज प्रियंका चौधरी रहीं। यहां क्रिकेट, कबड्डी, वॉलीबॉल, फुटबॉल, टेबिल टेनिस, एथलेटिक्स सहित कई खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इसमें दिल्ली, उत्तर प्रदेश सहित उत्तराखंड की विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं की टीमों के 500 से अधिक खिलाडियों ने हिस्सा लिया। वहीं प्रतियोगिताओं में सबसे अधिक 14 स्वर्ण पदक जीतकर प्रौद्योगिक महाविद्यालय ने ट्रॉफी पर कब्जा किया। टेबिल टेनिस पुरुष और महिला सिंगल्स में कम्युनिटी साइंस कॉलेज पंतनगर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी ने वॉलीबॉल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल ने बॉस्केटबॉल और फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। संचालन डॉ.नीरज बिष्ट ने किया। वहीं प्रौद्योगिक महाविद्यालय की अधिष्ठात्री डॉ.अलकनन्दा अशोक और मुख्य अतिथि ने खिलाडियों को मेडल और प्रमाणपत्र प्रदान किए।

### कार ट्रैक्टर ट्राली से टकराई, तीन गम्भीर

रुद्रपुर। सिडकुल में सडक के किनारे खड़े ट्रैक्टर ट्रॉली में कार घुस गयी। कार में सवार तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। घायलों को सितारगंज में प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। रविवार की देर रात्रि सिडकुल क्षेत्र में सडक किनारे लकड़ी लदी ट्रैक्टर ट्राली खड़ी थी। रात में कार ट्रैक्टर से टकरा गयी। टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रॉली में लदी लकड़ी के लट्ठे शीशा तोड़ते हुए तीनों कार सवारों के शरीर में घुस गये। तीनों कार सवार गंभीर रूप से घायल हो गये। घायल काफी देर तक मौके पर ही कराहते रहे। खून से लथपथ होने व खून बहने से वहां से गुजर रहे लोग तमाशबीन बने रहे। बाद में सतीश शर्मा, जितेंद्र, अजय, मुन्ना लाल ने घायलों को कार से निकालकर सितारगंज सामुदायिक अस्पताल पहुंचाया। घायलों की शिनाख्त संजीत पुत्र विरेंद्र निवासी कल्याणपुर, संतोष, जितेंद्र प्रसाद पुत्र लक्ष्मी प्रसाद निवासी लक्ष्मीझाला के रूप में हुई। चिकित्साधीक्षक डॉ. अभिलाषा पाण्डे ने बताया कि तीनों घायलों की स्थिति गम्भीर थी। प्राथमिक उपचार के बाद तत्काल हायर सेंटर रेफर किया गया है। इधर एक अन्य सडक हादसे में बाइक सवार निखिल पुत्र आनन्द निवासी चोरगलिया गम्भीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। निखिल को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### शांतिपुरी में हंस फांउण्डेशन ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

रुद्रपुर। सोमवार को ग्राम शांतिपुरी नंबर एक में हंस फाउंडेशन ने निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगा कर जरूरतमंदों का इलाज किया। प्रधान विमला जोशी ने किच्छा तहसील के विभिन्न गांवों में बीते दो वर्षों से लगातार निःशुल्क स्वास्थ्य कैंप का सफल आयोजन करने पर स्वास्थ्य टीम को बधाई दी। शिविर में सभी लोगों को डॉक्टर के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा दी। ग्राम प्रधान विमला जोशी व कैलाश जोशी ने हंस फाउंडेशन की टीम को आभार व्यक्त किया और होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी। शिविर में सामाजिक सुरक्षा अधिकारी जेजे कुमार ने होली के पर्व पर ग्रामीणों को खान-पान, साफ-सफाई एवं गलत रंगों के उपयोग को लेकर जागरूक किया। इस मौके पर फार्मासिस्ट भारत भूषण सिंह, भुवन चंद समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

### विधायक पांडेय ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन

रुद्रपुर। क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडेय के नेतृत्व में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्याम जगत के सुप्रसिद्ध भजन प्रवाहक अमन सांवरिया ने जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे, मंदिर अब बनने लगा है, यह देश है वीर जवानों का अन्य कई भजन और लोकप्रिय देश भक्ति संगीत से लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान विधायक पांडेय ने सभी क्षेत्रवासियों को होली की बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सभी लोग शांति और सौहार्द के साथ रंगों का त्यौहार होली धूमधाम से मनाएं। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडे पूर्व सांसद बलराज पासी काशीपुर विधायक त्रिलोक चीमा रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा मेयर रामपाल जिलाध्यक्ष भाजपा गुंजन सुखीजा, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल अतुल पांडे, अशोक खुडिया, राजेश डावर, प्रीत ग्रोवर,राकेश भुट्टी, कपिल गण्डा, पंकज सेतिया अभिषेक गुंबर भाजयुमो मंडल अध्यक्ष मुनि भुसरी, सुभाष गुंबर राजीव पपनेजा,अतुल पांडेय, योगेश पानू, सचिन बत्रा, सचिव बत्रा, टिप्पन नरूला ,पीयूष माटा, हरीश रहलन, अशोक हुडिया, सीमा सरकार,अनिता दुबे, अंजु भट्ठी, कुलवीर चौधरी सहित हजारों की संख्या में क्षेत्रीय जनता मौजूद रही।

### 12 मार्च को दिल्ली में प्रदर्शन में शामिल होंगे पूर्व सैनिक

रुद्रपुर। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में पूर्व सैनिक लीग की बैठक का आयोजन हुआ। इसमें सैनिक लीग के पदाधिकारियों ने वन रैंक, वन पेंशन-2 की विसंगतियों के बारे में जानकारी के साथ एक ठोस निर्णय लेने के बारे में विचार-विमर्श किया। सोमवार को हुई बैठक में पदाधिकारियों ने ईसीएचएस के प्रभारी के पिता के निधन पर शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि देते हुए बैठक कि शुरुआत की। इसके बाद पदाधिकारियों ने कहा कि पूर्व में वन रैंक वन पेंशन को लेकर बनी कमेटियों को अभी तक सार्वजनिक नहीं किया गया है। सैनिकों की पेंशन में हो रही कटौतियां भी बढ़ गई हैं। इसको लेकर 12 मार्च को जंतर-मंतर दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन होगा। इसमें यूएस नगर से 50 पूर्व सैनिक धरना-प्रदर्शन में भाग लेने के लिए दिल्ली को रवाना होंगे। उन्होंने कहा कि ब्लॉक स्तर के सभी साथियों के साथ जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके अलावा क्षेत्रीय विधायकों से जिलास्तर पर सैनिक मिलन केंद्र बनाने को लेकर भी विचार किया गया। ताकि सैनिकों को बैठक और पारिवारिक मिलन के लिए स्थायी जगह मिल सके। इस दौरान लीग के अध्यक्ष सूबेदार देवी दत्त उपाध्याय, कैप्टन कल्याण सिंह, कर्नल रुद्र प्रताप सिंह (सेनि.), सूबेदार मेजर खडक सिंह कार्की (सेनि.), कैप्टन रामप्रताप रिखारी (सेनि.), महासचिव गिरधर सिंह, सूबेदार कल्याण सिंह (सेनि.), कैप्टन मोहन चंद जोशी (सेनि.) आदि मौजूद रहे।

### भारत विकास परिषद के अमित अध्यक्ष, भुवन सचिव बने

रुद्रपुर। भारत विकास परिषद की खटीमा शाखा में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। मुख्य चुनाव अधिकारी आरके गुप्ता ने चुनाव प्रक्रिया कराई, जिसमें वर्ष 2023-24 के लिए अध्यक्ष-अमित सक्सेना, सचिव-भुवन उप्रेती, कोषाध्यक्ष दीपक बत्रा को निर्विरोध निर्वाचित किया गया। इस दौरान होली महोत्सव का आयोजन किया गया। पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष आरके गुप्ता, प्रांतीय संरक्षक हरीश जोशी, शाखा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा, सचिव भुवन उप्रेती, कोषाध्यक्ष दीपक बत्रा, महिला संयोजिका सपना गुलाटी की उपस्थिति में भारतमाता व विवेकानंद के चित्र पर पुष्पार्पण, दीप जलाकर व वन्देमातरम् के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

# टीएचडीसी में मनाया गया 52 वा राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस

न्यूज वायरस नेटवर्क

चमोली। टी एच डी सी पीपलकोटी में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विशेष कार्याकारी अधिकारी आर.एन. सिंह ने किया । उन्होंने परियोजना कर्मियों को कार्यस्थल में सुरक्षा के प्रति सजगता की शपथ दिलाते हुये कहा कि बिना सुरक्षा मानकों को अपनाए हुए कार्य करना दुर्घटना को आमंत्रण देना जैसा है। क्योंकि छोटी-छोटी लापरवाही बड़ी दुर्घटना का सबब बन सकती है उन्होंने परियोजना के समस्त अधिकारियों कर्मचारियों से आह्वान किया कि सुरक्षा के सभी मानंको का उचित अनुपालन के अनुसार ही कार्य को संपादित किया जाना चाहिए , इस अवसर पर महाप्रबंधक सिविल अनिरुद्ध बिश्नोई ने भी सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि कार्य स्थलों पर बहुत ही सतर्कता के साथ से कार्य किया जाना चाहिए।परियोजना के सुरक्षा सलाहकार ( राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद उत्तराखंड चेप्टर) के सदस्य एस.के. भटनागर ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से दैनिक एवं निजी कार्यों में सुरक्षा नियमों का पालन सुनिश्चित करने की अपील की, इस अवसर पर महाप्रबंधक विद्युत एवं संचार बी.पी. रयाल, अपर महाप्रबंधक जी.एस. बिष्ट, पी.एस. रावत, एस के त्यागी, उप महाप्रबंधक मानव संसाधन एवं प्रशासन एस.बी. प्रसाद, उप प्रबंधक जनसंपर्क यतबीर सिंह चौहान, सुरक्षा विभाग के अधिकारी एस पी सिंह, पी एन ममगाई आदि उपस्थित थे।

## गैरसैंण में महिलाओं को दी अधिकारों की जानकारी


पौड़ी। सामाजिक संस्था प्लान इंडिया के माध्यम से गैरसैंण में मिनी स्टेडियम में विश्व महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि क्षेत्र प्रमुख गैरसैंण शशि सोरियाल ने महिलाओं को अपने अधिकारों की जानकारी दी। साथ ही कहा कि महिलाएं पुरुषों से किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। उन्हें मात्र रास्ता दिखाने की आवश्यकता है। वहीं कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि नपंअ पुष्कर सिंह रावत ने कहा कि महिलाओं एवं पुरुषों में किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए। दोनों एक सिक्के दो पहलू हैं। इस अवसर पर गैरसैंण नगर क्षेत्र की महिला मंगल दलों ने पारंपरिक भेषभूषा में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। सभासद सरोज शाह के संचालन में हुये इस कार्यक्रम में पूर्व नपंअ गंगा पंवार, पूर्व प्रमुख जानकी रावत,भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष कस्तूरा देवी, पूर्व प्रधान कुसुमलता गैड़ी, उषा नेगी, प्लान इंडिया के त्रिलोक नेगी, एसबीएमए के पीपी गिरीश डिमरी सहित कई महिला जनप्रतिनिधिं ने महिला दिवस में शिरकत की। प्लान इंडिया के स्थानीय प्रतिनिधि त्रिलोक सिंह नेगी ने बताया कि गैरसैंण क्षेत्र में सोमवार को विश्व महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया, हालांकि यह दिवस 8 मार्च को मनाया जा जाता है लेकिन उस दिन होली होने के कारण समय एवं दिन में परिवर्तन किया गया है। कार्यक्रम के माध्यम से महिला को प्रत्येक क्षेत्र में जागरूक करना संस्था का उद्देश्य है।

## बैठक में अनुपस्थित रहने पर ईई का वेतन रोका

हरिद्वार। जिलाधिकारी विनय शंकर पांडेय ने सरकारी भूमि, लैंड बैंक के संबंध में आयोजित बैठक में अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग के अनुपस्थित होने पर कड़ी नाराजगी जताई। डीएम ने ईई मंजू डैनी का वेतन रोकने के निर्देश दिए हैं। बैठक में एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि सरकारी भूमि पर हुए अतिक्रमण हटाने के लिए टास्क फोर्स का गठन कर दिया गया है। जिन स्थानों पर अतिक्रमण हटाना है, उन्हें चिह्नित कर अतिक्रमण हटाया जाए। साथ ही एसएसपी ने संबंधित के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए।

सोमवार को कलक्ट्रेट सभागार में जिला हरिद्वार अंतर्गत विभिन्न विभागीय सरकारी भूमि, लैंड बैंक के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में डीएम ने स्वास्थ्य, लोक निर्माण विभाग, खाद्य एवं आपूर्ति, पशुपालन, जल संस्थान, शिक्षा आदि विभागों की सम्पत्तियों के संबंध में जानकारी ली। जब बैठक में सिंचाई विभाग के अधिकारियों से अतिक्रमण पर जानकारी लेनी चाही तो ईई सिंचाई बैठक में अनुपस्थित पाई गई। इस पर डीएम ने वेतन रोकने के निर्देश दिए। साथ ही डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि संपत्ति के रजिस्टर को मेनटेन किया जाए। रजिस्टर में भूमि और भवन को अलग-अलग दर्शायें और विभागीय सरकारी भूमि, भवन का सम्पूर्ण विवरण, दिये गये फार्मेट में एक सप्ताह के भीतर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# संपादकीय



## धोखाधड़ी से सावधान

मुंबई के एक निजी बैंक के 40 ग्राहकों के फर्जीवाड़े का शिकार होने की घटना ने देश का ध्यान फिर इस समस्या की ओर खींचा है. अपराधियों ने इन लोगों को मोबाइल पर एक संदेश भेजा था, जिसमें एक लिंक दिया गया था. इस लिंक को चटकाने के साथ ही इन ग्राहकों के खाते से लाखों रुपये उड़ा लिये गये. बीते दिसंबर में भारतीय रिजर्व बैंक ने बताया था कि पिछले साल की दूसरी छमाही में विभिन्न बैंकों ने फर्जीवाड़े के 2,331 मामलों की जानकारी दी थी. इन मामलों में 87 करोड़ रुपये की चपत लगी थी. उल्लेखनीय है कि 2022 की पहली छमाही में 1,532 ऐसे मामले दर्ज किये गये थे. मैसेज से वेबसाइट का लिंक भेजकर या खाता के बारे में भ्रामक बातें कर ग्राहकों को बरगलाने के मामले कई साल से सामने आ रहे हैं. रिजर्व बैंक, सरकार और पुलिस की ओर से ऐसे अपराधों को रोकने के लिए अनेक उपाय किये गये हैं, लेकिन ऐसा लगता है कि अपराधी दो कदम आगे रहते हैं तथा लोगों को ठगने के नये-नये तरीके निकाल लेते हैं. भारत सरकार ने हर तरह के साइबर अपराधों की शिकायत दर्ज करने के लिए एक विशेष पोर्टल बनाया है. इसके अलावा पुलिस विभागों ने भी ऐसे अपराधों की शिकायत की व्यवस्था की है. लोगों को जागरूक करने के लिए बैंक और पुलिस के साथ-साथ वित्त मंत्रालय और रिजर्व बैंक भी समय-समय पर कार्यशालाओं का आयोजन करते हैं तथा लोगों को संदेश भेजते रहते हैं कि किसी तरह के संदेहास्पद संदेशों से बचें. ठगी के अनेक प्रकार हैं. लिंक भेजकर या ग्राहक की गोपनीय जानकारी जुटाकर खातों से पैसा निकालना ठगी का एक रूप है. मोबाइल एप के जरिये या मोबाइल में सेंधमारी कर भी लोगों की जमा-पूंजी को निशाना बनाया जाता है. बार-बार यह कहा जाता है कि लोगों को अपने खाते की संख्या, क्रेडिट या डेबिट कार्ड की संख्या, ओटीपी, पिन संख्या, पासवर्ड आदि की जानकारी किसी को नहीं देनी चाहिए. किसी तरह की समस्या होने या संदेहास्पद संदेश आने पर ग्राहकों को सीधे संबंधित बैंक की शाखा में संपर्क करना चाहिए. जिस गंभीरता से हम अपने पैसे की अहमियत समझते हैं, उसी मुस्तैदी से हमें उसकी रक्षा भी करनी चाहिए. बिना जाने-समझे एप से कर्ज लेना या किसी अवैध स्रोत से पैसा लेना अपनी तबाही को बुलावा देना है. कई बार यह भी देखा गया है कि लोग ठगी का शिकार होने पर उसकी शिकायत भी नहीं करते. यह ठीक नहीं है. पुलिस तंत्र को भी अधिक सक्रियता से अपराधियों को रोकने पर ध्यान देना चाहिए.

दैनिक न्यूज़ वायरस
संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक : आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। फ़ोन : 0135-4066790, 2672002 RNI No. : UT-THIN/2012/44094 Cert. Ser. No. : 31406 E-mail : dainiknewsvirus@gmail.com Website : www.newsvirusnetwork.com YouTube : TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## नैनीताल में युवक से 1.80 लाख की ठगी

नैनीताल। शहर के एक युवक के बैंक खाते से एक लाख 80 हजार की साइबर ठगी करने का मामला सामने आया है। युवक ने कोतवाली में तहरीर देकर जांच की मांग की है। मल्लीताल के भाष्कर सिंह ने कोतवाली में तहरीर देते हुए कहा कि कुछ दिन पूर्व उसने एक गेमिंग एप डाउनलोड किया। बीते 21 फरवरी से 26 फरवरी तक उसके खाते से कई बार पैसे निकलते रहे। लेकिन उसके पास कोई मैसेज न आने के कारण पता नहीं चला। इधर बैंक खाते में पैसे की जांच की तो पता चला कि बीते कुछ ही दिनों में उसके खाते से एक लाख 80 हजार रुपए निकल चुके हैं। इसके बाद युवक ने कोतवाली में पहुंचकर पुलिस से कारवाई की मांग की। एसएसआई दीपक ?बिष्ट ने बताया कि मामला साइबर सेल को भेज दिया है।

## यूकेडी ने की बनचूरी में गोष्ठी

कोटद्वार। उत्तराखंड क्रांति दल यमकेश्वर के बनचूरी में गोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. शक्ति शैल कपरवाण ने कहा कि उत्तराखंड क्रांति दल ही उत्तराखंड में एकमात्र ऐसा क्षेत्रीय दल है जो पहाड़ के सांस्कृतिक, आर्थिक, राजनीतिक, सामाजिक भाषाई व पहचान के अस्तित्व को बचाने के लिए कार्य कर रहा है। कहा कि दल जमीन से जुड़कर रिफॉर्मेशन और प्रमोशन का कार्य कर रहा है ताकि जन भावनाओं के अनुरूप कार्य पद्धति को सुधारा जा सके। अध्यक्षीय भाषण में प्रसिद्ध समाजसेवी और पार्टी नेता हरेंद्र सिंह रौथाण ने कहा कि दल पर जनता की नजर है, इसलिए पार्टी को जनता की नजर को समझना होगा और उस हिसाब से जमीन पर संगठन बनाना होगा। केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एपी जुयाल ने कहा कि यूकेडी ने राज्य आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अब पार्टी राज्य के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में सक्षम है। केंद्रीय महामंत्री मीनाक्षी घिल्डियाल ने महिला संगठन को मजबूत बनाने पर बल दिया।

# संक्षिप्त खबरें

## प्रदेश में नकल माफिया का सत्ता से गठजोड़ : सुमित्तर भुल्लर

हल्द्वानी। युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर और हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश ने प्रदेश में बीते रविवार को हुई कनिष्ठ सहायक भर्ती परीक्षा पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि भर्ती परीक्षा के चारों सेट में सभी प्रश्न समान हैं। यह उत्तराखंड के युवाओं के भविष्य के साथ धोखा है। आरोप लगाया कि सत्ता पक्ष के लोगों का नकल माफियाओं से गठजोड़ है। कनिष्ठ सहायक भर्ती परीक्षा में मैच फिक्सिंग की तरह पेपर की फिक्सिंग हुई है। दोनों नेताओं ने एक स्वर में सभी भर्ती परीक्षाओं की सीबीआई जांच की मांग दोहराई। सोमवार को हल्द्वानी के स्वराज आश्रम में आयोजित प्रेसवार्ता में युकां अध्यक्ष ने कहा, कुछ विशेष अभ्यर्थियों को फायदा पहुंचाने के लिए पेपर के चारों सेट एक जैसे बनाए गए हैं। दावा किया कि कई जगहों पर पेपर की सील टूटी पाई गई है। आरोप लगाया कि प्रदेश में नकल माफियाओं को सत्ता का संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने कहा कि पूरे मामले को लेकर युवा कांग्रेस सडक़ पर उतरेगी। हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश ने कहा, जो काम राज्य की एजेंसियों को करना चाहिए था, वह युवा कांग्रेस कर रही है। प्रदेश सरकार नकल विरोधी कानून बनाकर शिकायत करने वाले अभ्यर्थी पर ही मुकदमा दर्ज करवा रही है। सुमित ने कहा कि जैसे मुख्यमंत्री यहां आभार रैली करने आए थे, वैसे ही उन्हें क्षमा रैली का आयोजन करना चाहिए। सरकार के ऐसे कृत्यों से पूरे उत्तराखंड का नाम खराब हो रहा है। अब यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## रोडवेज ने 11 अतिरिक्त बसें लगाई

हल्द्वानी। रोडवेज स्टेशन हल्द्वानी में सोमवार को सुबह से यात्रियों की भीड़ उमड़ी रही। लोगों को बसों में सीट पाने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा। निगम प्रबंधन ने दिल्ली और बरेली रूट पर अतिरिक्त बसें लगाकर यात्रियों को भेजा। सहायक महाप्रबंधक एसएस बिष्ट ने बताया कि मैदानी रूटों पर जाने वाले यात्री सबसे ज्यादा रहे। इसे देखते हुए प्रबंधन ने सात बसें दिल्ली रूट पर और चार बसें बरेली रूट पर अतिरिक्त चलाईं। पर्वतीय रूटों पर भी जरूरत के मुताबिक बसों का संचालन बढ़ाया जा रहा है।

## गुजिया और पनीर समेत छह सैंपल भरे

हल्द्वानी। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने जिलेभर में छामापारी अभियान चलाकर छह खाद्य पदार्थों के सैंपल भरे। वहीं एक सप्लायर को बिना पंजीकरण व्यवसाय करने पर नोटिस दिया गया। जिला अभिहीत अधिकारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार को प्रशासनिक टीम के साथ नैनीताल के मल्लीताल, कालाढूंगी में अभियान चलाया। जिसमें दूध, पनीर, मावा, तेल, गुजिया और खोया के नमूने भरे गए। सप्लाई करने वाले वाहनों की चेकिंग भी की गई। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी कैलाश चंद्र टम्टा, नंद किशोर आदि रहे।

## महिला की जमीन की फर्जीवाड़े से रजिस्ट्री करने के आरोपियों पर केस

देहरादून। रेसकोर्स निवासी महिला की सेवलाकलां स्थित जमीन की फर्जीवाड़े से रजिस्ट्री कर दी गई। जिस महिला के नाम रजिस्ट्री हुई खरीदारी से भी कम दाम पर बेचने लगी। नए खरीदारों ने पीड़िता से जमीन बेचने के बाबत जानकारी ली। यह सुनते ही वह घबरा गई। जांच पता लगा कि रजिस्ट्री कार्यालय में उनकी जगह किसी अन्य महिला को खड़ा कर रजिस्ट्री करा दी गई। इंस्पेक्टर पटेलनगर सूर्यभूषण सिंह नेगी ने बताया कि मोनिका मुराब निवासी रेसकोर्स की तहरीर पर केस दर्ज किया गया है। महिला के नाम पर एक जमीन सेवलाकलां में है जो उन्होंने 2013 में खरीदी थी। बीते एक मार्च को तीन लोग महिला के घर आए। बताया कि उन्होंने 27 जनवरी 2023 को अपनी जमीन पूरन देवी को 29.40 लाख रुपये में बेची है। जिसे पूरन देवी इससे भी कम कीमत पर उन्हें बेच रही है। मोनिका ने बताया कि उन्होंने अपनी रजिस्ट्री किसी के नाम नहीं की। पता लगा कि पूरन देवी निवासी रेसकोर्स ने किसी अन्य महिला को उनकी जगह जमीन मालिक बताकर जमीन की रजिस्ट्री की। इसमें गुलाब सिंह निवासी मालसी राजपुर और राजेंद्र निवासी हंसुवाला गवाह बने। फर्जीवाड़े को लेकर पुलिस ने पूरन, गुलाब सिंह और राजेंद्र के खिलाफ केस दर्ज किया है। दस्तावेज जुटाकर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## भर्ती घपलों की सीबीआई जांच के लिए एनएसयूआई का प्रदर्शन

देहरादून। एनएसयूआई ने प्रदेश अध्यक्ष विकास नेगी के नेतृत्व में सरकार पर भर्तियों में घोटालों का आरोप लगाते हुए एस्ले हॉल चौक पर प्रदर्शन किया। विकास नेगी ने कहा कि प्रदेश में पिछले 6 साल के अन्दर जो भी भर्तियां हुई है,उनमें सभी में जमकर घोटाले को अंजाम दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भर्ती सिस्टम पूरी तरह से चरमरा गया है। चाहे लोक सेवा आयोग की भर्ती हो या अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, फारेस्ट भर्ती परीक्षा हो या पुलिस भर्ती सभी में घोटाले हुए। राज्य में अभी तक जितनी भी भर्तियां की गई है उन सभी भर्तियों के घोटालों में सत्ताधारी दल के लोगों की संलिप्तता स्पष्ट रूप से देखने को मिली है। यही नहीं इनमें जांच के नाम पर लीपापोती की जा रही है। भर्ती घोटाला तंत्र सरकार के संरक्षण में फल फूल रहा है तथा राज्य के बेरोजगार नौजवानों का हक मारा जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सभी भर्तियों की जांच सीबीआई से कराये जाने की मांग लम्बे समय से कर रही है। सरकार तुरंत सीबीआई जांच कराये। आरोप लगाया कि पांच मार्च को आयोजित भर्ती में स्पष्ट रूप से घोटाला सामने आया है। जब अभ्यर्थियों को गुमराह करने की नीयत से चार सेटों में बने पेपर में केवल प्रथम पेज पर सेट का नाम बदल दिया गया है। प्रदर्शन करने वालों में राष्ट्रीय संयोजक अजय रावत, प्रकाश नेगी, अंजलि चमोली, सागर रावत, पवन मैंदोली, देवांश, मुकेश आदि मौजूद रहे।

## आठ और नौ अप्रैल को स्व. उमेश डोभाल स्मृति सम्मान समारोह

नई टिहरी। स्व. उमेश डोभाल की स्मृति में 31 वां सम्मान समारोह चमियाला में आठ और नौ अप्रैल को आयोजित होगा। उमेश डोभाल स्मृति ट्रस्ट, चेतना आंदोलन, वरिष्ठ नागरिक मंच एवं व्यापार मंडल के लोगों ने चमियाला बाजार में बैठक कर कार्यक्रम के आयोजन पर चर्चा की। स्मृति ट्रस्ट के सचिव आशीष नेगी ने कहा कि 80 के दशक में शराब माफियाओं के खिलाफ चलाये गए अभियान तहत निर्भीक पत्रकारिता जो उदाहरण स्व. डोभाल ने पेश किया, वह आज की परिस्थितियों में अप्रासंगिक हो गया है, जिसके बाद माफियाओं द्वारा उनकी हत्या कर दी गई थी, लेकिन उनकी शहादत के बाद कई सामजिक सरोकारों से जुड़े संघर्षशील लोगों ने सामाजिक बुराइयों के खिलाफ लड़ाई लड़ी। उन्होंने कहा कि हर वर्ष उनकी याद में ट्रस्ट द्वारा सम्मान समारोह किया जाता है। दो वर्ष कोरोना काल के छोड़कर अभी तक 30 बार समारोह आयोजित हो चुके हैं। इस वर्ष सम्मान समारोह चमियाला में आयोजित करने का ट्रस्ट और सामाजिक सरोकारों से जुड़े लोगों ने निर्णय लिया है। उन्होंने बताया 8 अप्रैल को चमियाला बाजार में सांस्कृति झांकी निकालने के बाद कवि गोष्ठी व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन तथा 9 अप्रैल को प्रदेश के पत्रकारिता,संस्कृति, जनांदोलनों से जुड़े संघर्षशील लोगों द्वारा व्याख्यान माला के साथ ही सम्मान समारोह आयोजित होगा।

# डीएम सोनिका के जनसुनवाई कार्यक्रम में 68 शिकायतें प्राप्त

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 6 मार्च। जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आज जनसुनवाई में 68 शिकायतें प्राप्त हुई। शिकायतों में अधिकतर शिकायतें भूमि कब्जा, अतिक्रमण से संबंधित प्राप्त हुई इसके अतिरिक्त सडक़ निर्माण, नलकूप निर्माण, पानी की समस्या, भरण-पोषण भत्ता, ऑनलाइन ठगी, पड़ोसियों द्वारा परेशान किए जाने, फीस माफ करने, वेडिंग प्वाईट के प्रदूषण होने, आय प्रमाण पत्र बनवाने, चिकित्सा उपचार करवाने, आर्थिक सहायता दिलाने, होली पर मिलावटी रंगों एवं खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने, आदि शिकायतें प्राप्त हुई।



जिलाधिकारी ने होली पर मिलावटी रंग एवं मिलावटी खाद्य पदार्थ की बिक्री पर रोक लगाने हेतु समस्त उप जिलाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में रंगों एवं खाद्य पदार्थों की दुकानों में रैडम चैकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए। अंकित पूरम निवासी महिला द्वारा शिकायत की गई कि ऑनलाइन वैबसाइट के माध्यम से किराए के मकान के लिए कॉल आने पर संबंधित द्वारा पैसे ट्रांसपर किए जाने के नाम पर एक रूपए ट्रांसपर पर 11 हजार की ठगी की गई। जिस पर जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक क्राईम को कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी जनमानस से अनुरोध किया कि इस प्रकार की ऑनलाइन वेबसाइट एवं कॉल से सचेत रहते हुए किसी प्रकार की ट्रांजेक्शन न करें इसके लिए उन्होंने पुलिस विभाग को जागरूकता फैलाने के भी निर्देश दिए। आराधना ग्रीन्स सोसाइटी मंगूवाला रायपुर में अतिक्रमण की शिकायतों पर जिलाधिकारी ने एमडीडीए के अधिकारियों को जांच करने के निर्देश दिए। बेटे की मृत्यु होने पर महिला द्वारा परेशान किए जाने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी ऋषिकेश को जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिए। भूमि पर कब्जे एवं अवैध अतिक्रमण की शिकायतों पर जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारियों, एमडीडीए एवं नगर निगम के अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में निरीक्षण करते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिए। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निस्तारण हेतु एल1 एल2 अधिकारियों को निर्देशित किया। जनसुनवाई में मुख्य विकास अधिकारी झरना कमठान, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ एस. के बरनवाल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामजी शरण शर्मा, अपर नगर अधिकारी नगर निगम जगदीश लाल, नगर कलेक्ट्रेट कुश्म चैहान, उप जिलाधिकारी सदर नरेश चन्द्र दुर्गापाल, पुलिस अधीक्षक अपराध सर्वेश पंवार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय जैन, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ विद्याधर कापड़ी, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, अधि0 अभि0 एमडीडीए अजय माथुर, जिला प्रोबेशन अधिकारी मीना बिष्ट, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी अरविन्द पाण्डे, समाज कल्याण अधिकारी गोवर्धन सहित जल संस्थान, लोनिवि, नलकूप, सिंचाई, विद्युत आदि संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# धामों में वीआईपी दर्शन को टोकन व्यवस्था बंद करने की मांग

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ऋषिकेश। संयुक्त रोटेशन यात्रा व्यवस्था समिति ने चारधाम यात्रा के लिए ऋषिकेश और हरिद्वार पहुंचने वाले तीर्थयात्रियों के ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया के सरलीकरण का मुद्दा उठाया है। साथ ही धामों में वीआईपी दर्शन के लिए जारी टोकन व्यवस्था को समाप्त की वकालत की। इन मुद्दों को लेकर जल्द ही एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भी मिलेगा। सोमवार को नगर निगम सभागार में संयुक्त रोटेशन यात्रा व्यवस्था समिति के बैनर तले परिवहन संस्थाओं के प्रतिनिधियों, व्यापारियों, होटल और धर्मशाला संचालकों तथा ट्रेवल एजेंटों की संयुक्त बैठक में चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर चर्चा हुई। रोटेशन समिति अध्यक्ष संजय शास्त्री ने कहा कि पिछले साले चारधाम यात्रा के दौरान ऑनलाइन यात्रा पंजीकरण के लिए ऋषिकेश पहुंचने वाले तीर्थयात्रियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। इस बार सरकार को पंजीकरण प्रक्रिया सरल करनी चाहिए। ऋषिकेश और हरिद्वार पहुंचने वाले तीर्थयात्रियों का पंजीकरण प्राथमिकता के आधार पर होना चाहिए। बैठक में विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने एक स्वर में पंजीकरण की व्यवस्था को पूरी तरह पारदर्शिता के दायरे में लाते हुए उसमें सरलीकरण की मांग उठाई। इस दौरान सर्वसम्मति से धामों में दर्शन को तीर्थयात्रियों की सीमित संख्या का विरोध, वीआईपी दर्शन के लिए टोकन की व्यवस्था को समाप्त करने और बदरीनाथ में पूर्व की तरह गेट सिस्टम की व्यवस्था करने का प्रस्ताव पारित किया गया। अगली बैठक 10 मार्च को होगी। मौके पर सचिव जीएमसीसी अजय बधानी, रूपकुंड अध्यक्ष भोपाल नेगी, सीमा चौधरी, बलवीर रौतेला, ललित मोहन मिश्र, पवन शर्मा, अभिषेक शर्मा, पंकज शर्मा, रवि कुमार जैन, अप्रेस पंचभैया, विजेंद्र कंडारी, रमेश रावत, हेमंत डंग, संदीप गुप्ता, नवीन मोहन, विनय सारस्वत, पंकज गुप्ता, भगवती प्रसाद रतूड़ी, भारत शर्मा, दीपक कुकरेजा, अमर बैलवाल आदि मौजूद रहे।

## विज्ञान में महिलाओं के योगदान का जश्न मनाया

ऋषिकेश। यूथ 20 कंसल्टेंसी के तहत अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर एम्स ऋषिकेश के प्रसूति एवं स्त्री रोग और नर्सिंग कॉलेज विभाग ने सोमवार को महिला स्वास्थ्य जागरूकता रैली एवं नुक्कड़ नाटक के जरिए विज्ञान में महिलाओं के योगदान का जश्न मनाया। सोमवार को संस्थान की कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह ने जनजागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रो. मीनू सिंह ने कहा कि लैंगिक समानता और सभी महिलाओं और लड़कियों के सशक्तिकरण के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हर वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। महिलाएं देश की प्रगति की कुंजी हैं। लिहाजा उन्हें हर क्षेत्र में बढ़ावा देना होगा, तभी हम प्रगति के लक्ष्य को साध सकते हैं। उन्होंने कहा कि हर क्षेत्र में महिलाओं की उपलब्धियों और योगदान का जश्न मनाया जाना चाहिए। संकायाध्यक्ष और स्त्री रोग विभागाध्यक्ष डॉ. जया चतुर्वेदी की अगुवाई में त्रिवेणी घाट पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान संकाय सदस्यों, रेजिडेंट डॉक्टरों और नर्सिंग छात्रों ने त्रिवेणी घाट पर बैनर और तख्तियों के माध्यम से महिलाओं और युवा लड़कियों को स्वास्थ्य, एनीमिया, मधुमेह और गर्भावस्था के दौरान उच्च रक्तचाप, परिवार नियोजन के बारे में जागरूक किया और संबंधित जानकारियों से अवगत कराया।

# नई शिक्षा नीति में पूरे मनोयोग से कार्य करें शिक्षक : प्रेमचंद

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ऋषिकेश। शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि नई शिक्षा नीति के बेहतर क्रियान्वयन के लिए सभी शिक्षकों को पूरे मनोयोग से कार्य करना होगा। यह महान कार्य तभी पूर्ण होगा, जब नई शिक्षा नीति पूर्ण रूप से पूरे देश में लागू हो जाएगी। सोमवार को शिवाजीनगर स्थित रेड रोज पब्लिक जूनियर हाई स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन हुआ। इसका शुभारंभ मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने किया। कहा कि वार्षिकोत्सव विद्यालय की वार्षिक प्रस्तुति को दर्शाता है और यह आवश्यक भी है। वार्षिकोत्सव के जरिए विद्यालय के बच्चों को प्रतिभा निखारने का अवसर मिलता है। इस तरह के कार्यक्रमों में विभिन्न राज्यों की संस्कृति एक मंच पर देखने को मिलती है। यही भारत की एकता, अखंडता और संप्रभुता का उदाहरण हैं। नई शिक्षा नीति को लागू करने के इस अभियान में शिक्षक पूर्ण उत्साह से कार्य कर रहे हैं। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। मौके पर जिलाध्यक्ष भाजपा रविन्द्र राणा, पूर्व राज्यमंत्री कृष्ण कुमार सिंघल, विद्यालय संघ के महामंत्री राजीव थपलियाल, प्रबंधक डॉ. अनिल कुमार चौहान, प्रधानाचार्य मृदुला वर्मा, पूर्व सभासद अशोक पासवान, नरेश कुमार, नीता भट्ट, ऋचा पांडेय, सुषमा भट्ट, पारुल आदि उपस्थित रहे।

## वैदिकनगर में गोलियां चलने से अफरा-तफरी

ऋषिकेश। वैदिकनगर स्थित एक रिजॉर्ट में शादी समारोह में गोलियां चलीं। इस दौरान एक गोली युवक को लग गई। अफरा-तफरी के बीच आनन-फानन में शादी में पहुंचे लोग जख्मी हालत में युवक को हरिद्वार के निजी अस्पताल ले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से दो खोखे बरामद किए हैं। फिलहाल पुलिस घायल से पूछताछ कर मामले की जांच में जुटी है। रायवाला पुलिस के मुताबिक श्यामपुर क्षेत्र के एक परिवार ने वैदिकनगर में पांच फरवरी को रिजॉर्ट में शादी समारोह का आयोजन किया था। आधी रात को शादी में अज्ञात युवक ने गोलियां चला दीं। एक गोली ग्रामसभा खैरीकलां निवासी 32 वर्षीय संदीप कलूड़ा की टांग को छूते हुए निकल गई।

## संक्षिप्त खबरें

### महिलाओं ने की समानता की अपील

पिथौरागढ़। विकास खंड सभागार में सोमवार को क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक संगठन व राजनीतिक दलों से जुडी महिलाओं ने एकजुट होकर महिला दिवस से पूर्व यहां कार्यक्रम किया। मुख्य अतिथि एसडीएम दिवेश शाशनी, विशिष्ट अतिथि पूर्व ब्लॉक प्रमुख राधा बिष्ट, पूर्व प्रमुख डीडीहाट चंद्रा कन्याल, वीडियो दीवान सिंह ने दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। वक्ताओं ने महिलाओं के उत्थान के लिए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, लैंगिक असमानता, महिला हिंसा, बाल विवाह सहित विभिन्न विषयों पर जानकारी दी । शाशनी ने महिलाओं से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहकर खुद को स्वावलंबी बनाने के लिए सरकारी योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन सामाजिक कार्यकर्ता लीला बंगयाल ने किया। यहां चंद्रा गब्र्याल, आशा गब्र्याल, प्रेम कुटियाल, लीला बंगयाल, भगवती नबियाल, लीला धामी, सीमा रोंकली, सुमन वर्मा, पूर्णिमा दुग्ताल, सपना राणा, मुन्नी परिहार, अरुणा चंद, माया देवी, निहारिका गब्र्याल, भागीरथी गब्र्याल, विनीता रावत रहे।

### मदकोट में ग्रामीणों ने सडक़ निर्माण में अनियमितता पर किया प्रदर्शन

पिथौरागढ़। माणी-टुंडी के ग्रामीणों ने सडक़ निर्माण पर अनियमितता का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि सडक़ निर्माण के दौरान मानकों का अनुपालन नहीं किया जा रहा है। निर्माण सामाग्री में मिट्टी मिलाकर लीपापोती की जा रही है। सोमवार को मदकोट में नवीन भंडारी के नेतृत्व में ग्रामीण एकत्र हुए। इस दौरान उन्होंने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। भंडारी ने कहा वर्तमान में पीएमजेएसवाई की ओर से आलम-दारमा सडक़ का निर्माण कार्य किया जा रहा है। लेकिन सडक़ निर्माण में लापरवाही बरती जा रहा है। रेत की जगह लाल मिट्टी का इस्तेमाल किया जा रहा है। पत्थर की जगह भी तुमडिया गाड से लाकर छोटे-छोटे पत्थरों से सडक़ बनाई जा रही है, जो भविष्य में ग्रामीणों के लिए मुसीबत का सबब बन सकती है। ग्रामीणों ने इसे जनता के धन का बर्बादी बताया है। कहा विभागीय अधिकारी भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से जांच की मांग की है।

### खाद्य सुरक्षा विभाग ने गुजिया के सैंपल लिए

पिथौरागढ़। खाद्य सुरक्षा विभाग ने चैकिंग अभियान चलाया। सोमवार को जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी आरके शर्मा के नेतृत्व में टीम ने नगर के रई क्षेत्र में चैकिंग अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने एक मॉल से गुजिया और मिर्च पाउडर का सैंपल जांच को लिया। शर्मा ने कहा कि सैंपल को जांच के लिए रुद्रपुर स्थित लेब भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट के आधार पर ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। यहां दिलीप जैन, एएस भाटिया, आदि मौजूद रहे।

### पीपलकोट जीआईसी में मनोज को बेस्ट टीचर अवार्ड मिला

पिथौरागढ़। पीपलकोट जीआईसी में व्यायाम शिक्षक मनोज सिंह सौन को बेस्ट टीचर अवार्ड मिला। सोमवार को विद्यालय में हुए एक कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य मोहन चंद्र पाठक ने शिक्षक मनोज का माल्यपर्ण करते हुए प्रशस्ति पत्र और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्हें 2 हजार 100 रुपये की नगद धनराशि भी भेंट की। प्रधानाचार्य पाठक ने कहा शिक्षक मनोज के नेतृत्व में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने खेल के क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन किया है। जिले से राज्य स्तर में विद्यालय के कई छात्राओं ने विशेष उपलब्धि हासिल की है। इसके अलावा शिक्षण और अन्य कार्य में भी उनका योगदान सराहनीय रहा है। संचालन प्रवक्ता गिरीश चंद्र पुनेड़ा ने किया।

### सोसायटी ने रोगियों के साथ होली मनाई

पिथौरागढ़। नगर में घनश्याम ओली चाइल्ड वेलफेयर सोसायटी ने अस्पताल में भर्ती रोगियों के साथ होली पर्व मनाया। सोमवार को सोसायटी के सदस्य जिला और महिला अस्पताल पहुंचे। इस दौरान उन्होंने वार्डो में जाकर एक के बाद एक सभी रोगियों को गुलाल लगाते हुए उन्हें मिठाई और फल बांटे और उन्हें होली की शुभकामनाएं दी। सोसायटी के अध्यक्ष अजय ओली ने बताया कि बीते आठ साल से संस्था होली पर्व रोगियों के साथ मना रही है। यहां पूजा भट्ट, निकिता आदि मौजूद रहे।

### प्राकृतिक रंग बनाकर आर्थिकी बढ़ा रही स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं

विकासनगर। फाग की मस्ती का पर्व होली एक ओर लोगों के दिल में उमंग और उल्लास का संचार कर रहा है, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण महिलाओं को रोजगार के साधन भी मुहैया करा रहा है। इन दिनों स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं प्राकृतिक रंग बनाकर अपनी आर्थिकी बढ़ा रहे हैं। विकासनगर के बाड़वाला ( डुमेट ) में संतोषी नमन स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं प्राकृतिक रंग बना रही हैं। समूह की महिला मीना चौहान, मीनू पुन, उषा पुन, सुनीता पुन ने बताया कि अभी तक साठ किलो रंग बनाकर बेच चुकी हैं। रंगों की पैकिंग कर उसे बस्तियों में जाकर बेचा जा रहा है। बताया कि समूह में 13 महिलाएं रंग बनाने में जुटी हुई हैं। बताया कि रंग बनाने के लिए सबसे पहले आरारोट और कलर को आपस में मिलाया जाता है, उसके बाद इसे धूप में सुखाकर पीसा जाता है। इसके बाद छलनी से छानकर पैकिंग की जाती है। बताया कि रंग बनाने के लिए आरारोट के साथ ही गुलाब, टेसू, डहेलिया, गेंदे के फूलों का भी उपयोग किया जाता है। महिलाओं ने बताया कि घर पर ही रंग बनाकर अच्छी खासी आय अर्जित हो रही है।

### होली पर होगी चप्पे-चप्पे की निगरानी

ऋषिकेश। होली पर्व को लेकर पुलिस ने क्षेत्र में सुरक्षा और शांति को बरकरार रखने के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। पुलिस ने नगर क्षेत्र के संवेदनशील स्थानों को चिन्हित किया है। पल-पल की निगरानी के लिए मोबाइल पुलिस की ड्यूटी लगाई है। चेतावनी भी दी कि होली पर कहीं भी कोई हुड़दंग करता पाया गया, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई होगी। पुलिस क्षेत्राधिकारी डीसी ढौंडियाल पहले ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ इस बाबत बैठक कर चुके हैं। अब कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र में हुड़दंग को रोकने और नशे में वाहन दौड़ाने वालों पर नकेल कसने के लिए इंतजाम किए हैं। पुलिस ने संवेदनशील चंद्रभागा, चंद्रेश्वरनगर और मायाकुंड व अन्य इलाकों में मोबाइल पुलिस की तैनाती का फैसला लिया है। ड्यूटी में पुलिसकर्मी चप्पे-चप्पे पर घूमते हुए निगरानी करेंगे। पल-पल की अपडेट वायरलेस के जरिए कोतवाली को दी जाएगी। प्रभारी निरीक्षक खुशी राम पांडे ने बताया कि शहर और सटे ग्रामीण इलाकों में होली पर्व शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस ने सभी तैयारियां पूर कर ली हैं। पुलिसकर्मियों को खासकर नशे में सडक़ों पर वाहन दौड़ाने वालों की धरपकड़ के निर्देश दिए गए हैं।